राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिलभारतीय तथा विशेषत. राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर;
ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटी, जर्मनी,
निवृत्त सम्मान्य नियामक (ऑनरेरि डायरेक्टर),
भारतीय विद्याभवन, बम्बई; प्रधान सम्पादक,
सिंघी जैन ग्रन्थमाला, इत्यादि

ग्रन्थाङ्क ५३

राजस्थानी-साहित्य-संग्रह

भाग ३

(पांच राजस्थानी प्रेमवार्ताओं का सङ्कलन)

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

१९६६ ई०

राजस्थानी-साहित्य-संग्रह

भाग ३

पांच राजस्थानी प्रेमवार्त्ताओं का सङ्कलन

(विस्तृत भूमिका एवं परिशिष्टादि सहित)

सम्पादक

गोस्वामिश्रीलक्ष्मीनारायण दीक्षित

कॅटलॉगिङ्ग एसिस्टेन्ट

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर

भूमिका-लेखक

डॉ० नारायणसिंह भाटी, एम.ए, (पी-एच.डी), एल-एल. बी.

सञ्चालक,

राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर

प्रकाशनकर्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२२ प्रथमावृत्ति १०००	भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८७	खिस्ताब्द १९६६ मूल्य- ५.५०

मुद्रक- हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर

अनुक्रम

	सञ्चालकीय वक्तव्य	१ – २
	भूमिका	१ – ३७
	सम्पादकीय	३८ – ५४
	वार्तागत विषयानुक्रम	५५ – ६०

वार्ताए

१	वात बगसीरांम प्रोहित-हीरांकी	१ – ५०
२	रीसालूरी वारता	५१ – १४४
३	वात नागजी नागवन्तीरी	१४५ – १६३
४	वात दरजी मयारामकी	१६४ – १८५
५	राजा चद-प्रेमलालछीरी वात	१८६ – १९६

परिशिष्ट

१	रिसालू की वात के रूपान्तर—	
	(क) रीसालूकुमरनी वार्ता (गुजराती)	१९७ – २१०
	(ख) रिसालूरा दूहा	२११ – २१४
२	पद्यानुक्रमणिका—	
	(क) वात बगसीरामजी प्रोहित-हीराकी	२१५ – २२४
	(ख) वात रीसालूरी	२२४ – २३६
	(ग) नागजी ने नागवतीरी बात	२३७ – २३८
	(घ) वात दरजी मयारांमरी	२३९ – २४२
३	वार्तागत सूक्तियां	२४३ – २५

संचालकीय वक्तव्य

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान की ओर से 'राजस्थान पुरातन ग्रथ-माला' के अन्तर्गत "राजस्थानी साहित्य-सग्रह-श्रेणी" मे राजस्थानी भाषा की प्रतिनिधि स्वरूप उत्तम प्रकार की कृतियो को यथायोग्य प्रकाशित करने का हमारा सकल्प ग्रंथमाला आरम्भ करने के समय से ही वना हुआ है। तदनुसार राजस्थानी साहित्य-सग्रह के दो भाग पहले प्रकाशित हो चुके हैं।

राजस्थानी साहित्य-सग्रह, भाग १ का प्रकाशन १९५७ ई० में हुआ, जिसका सम्पादन राजस्थानी भाषा और साहित्य के सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रो० नरोत्तमदास स्वामी, एम० ए०, विद्यामहोदधि ने किया। इस सकलन मे: १–खीचीं गगेव नीबावतरो दो-पहरो, २–रामदास वैरावतरी आखड़ीरी वात और ३–राजान राउतरो वात-वणाव नामक तीन राजस्थानी वर्णनात्मक वार्ताओ का प्रकाशन हुआ। इसी भाग के प्रारम्भ में राजस्थानी गद्य के विषय मे श्री अगरचन्द नाहटा के दो निवन्ध प्रकाशित किये गये हैं जिनसे पाठको को राजस्थानी कथा-साहित्य और राजस्थानी गद्यात्मक रचनाओ के वैशिष्ट्य का परिचय प्राप्त होता है।

राजस्थानी साहित्य-संग्रह, भाग २ का प्रकाशन १९६० ई० मे हुआ जिसका सम्पादन प्रतिष्ठान के प्रवर शोध-सहायक डॉ० पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, एम०ए०, साहित्यरत्न ने किया है। इस पुस्तक मे वीरतासबधी तीन राजस्थानी कथाएँ हैं: १–देवजी वगडावतांरी वात, २–प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी वात और ३–वीरमदे सोनीगरारी वात। तीनो ही वार्त्ताओ के साथ सम्पादक ने शब्दार्थ और टिप्पणियां दी हैं जिनसे पाठको को वार्ताओ के अर्थग्रहण मे सुविधा रहती है। साथ ही, सम्पादकीय भूमिका और परिशिष्ट मे परिश्रमपूर्वक प्राचीन भारतीय कथा-साहित्य, राजस्थानी कथा-साहित्य और प्रत्येक वार्ता से सवधित ऐतिहासिक और साहित्यिक-सौन्दर्य को प्रकट कर राजस्थानी कथा-साहित्य-विषयक जानकारी को अग्रेसृत किया गया गया है। उक्त दोनो ही प्रकाशनो मे राजस्थानी भाषा की प्राचीन कथाओ और गद्य के उत्कृष्ट उदाहरण सक-लित हैं।

इसी शृखला मे प्रस्तुत राजस्थानी साहित्य-सग्रह, भाग ३, ग्रथमाला के ५३वें ग्रथ के रूप मे पाठको को प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमे पाच राजस्थानी

प्रेमाख्यानो का सकलन है। इसका सम्पादन प्रतिष्ठान के कैटलॉगिग सहायक गोस्वामिश्रीलक्ष्मीनारायण दीक्षित ने किया है।

इन वार्ताओ का गद्य प्रसगानुसार पद्याशो से अनुप्राणित है। राजस्थानी कथाएँ बड़े परिमाण में कही, सुनी और लिखी जाती रही हैं। ऐसी अवस्था मे कथा कहने वाले और लिपिकर्त्ता इन कथाओ में अपनी रुचि के अनुसार परिवर्तन कर गद्याश में पद्य जोड़ते रहे हैं। इस प्रकार राजस्थानी गद्य-कथाओ का परिष्कार और विस्तार होता ही रहा है।

इस सकलन की कथाओ मे ऐतिहासिक पुट देने का भी प्रयत्न किया गया है किन्तु ऐतिहासिक तिथिक्रम की कसौटी पर वे तथ्य पूरे खरे नहीं उतरते हैं।

सम्पादकीय वक्तव्य में अनेक तथ्यो का अध्ययनपूर्वक उद्घाटन किया गया है। इस पुस्तक को अधिकाधिक उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया गया है। इस प्रकार पुस्तक को उत्तमतया सम्पादित करने के लिये श्रीगोस्वामीजी बधाई के पात्र हैं।

राजस्थानी शोध सस्थान, जोधपुर के सचालक डॉ० नारायणसिंह भाटी ने अपनी विद्वत्तापूर्ण भूमिका मे राजस्थानी गद्य की प्राचीनता, राजस्थानी गद्य के विभिन्न रूप, राजस्थानी कथाओं का वर्गीकरण, प्रेम-कथाओ की सामान्य विशेषताएँ और वार्तागत विषयो का याथातथ्य निरूपण किया है जिससे इस प्रकाशन की उपादेयता अध्ययनार्थियो के लिये सवर्द्धित हो गई है। तदर्थ हम डॉ० भाटी को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। साथ ही रिसालू की वार्ता से सम्बद्ध "रिसाळू री औरत" शीर्षक चित्र उपलब्ध करने के लिये भी हम उनके आभारी हैं।

इस पुस्तक के प्रकाशन-व्यय का एक अश "आधुनिक भारतीय भाषा विकास योजना (राजस्थानी)" के अन्तर्गत शिक्षा-मंत्रालय केन्द्रीय सरकार, दिल्ली से प्राप्त हुआ है। इस सहयोग के लिये हम प्रतिष्ठान की ओर से उक्त मत्रालय के प्रति हार्दिक आभार प्रदर्शित करते हैं।

आशा है कि इतः पूर्व प्रकाशित इस प्रकार के साहित्य-सग्रह के दो भागो के समान यह तीसरा भाग भी विद्वानो को पठनीय एव उपयुक्त प्रतीत होगा।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
शाखा कार्यालय,
चित्तौडगढ
दिनाक १-१-६६

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सचालक

भूमिका

राजस्थानी गद्य की प्राचीनता—

प्राचीन राजस्थानी साहित्य गद्य एव पद्य दोनो ही दृष्टियो से समृद्ध है। राजस्थानी पद्य की विपुलता एवं उसकी विशेषता सर्वत्र ज्ञात है। परन्तु राजस्थानी गद्य की अपनी विशेषता और उसकी प्राचीनता के सम्बन्ध मे बहुत कम जानकारी अभी प्रकाश मे आ पाई है। राजस्थान की विभिन्न साहित्यिक सस्थाओ के सग्रह तथा अधुनातन शोध-कार्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि राजस्थानी भाषा मे जो प्राचीनतम गद्य मिलता है वह 'असमिया' आदि एक दो भारतीय भाषाओ को छोड कर अन्य भाषाओ मे नही मिलता। राजस्थानी गद्य के प्राचीनतम उदाहरण स्फुट रूप मे ही प्राप्त होते हैं परन्तु उनसे गद्य की बनावट और भाषा के रूप का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इस प्रकार के स्फुट उदाहरण शिलालेखो व ताम्रपत्रो मे देखे जा सकते हैं। राजस्थानी गद्य का प्राचीनतम उदाहरण बीकानेर के नाथूसर गाँव के एक शिलालेख मे अकित है जिसका समय स० १२८० दिया गया है।[1] अत. १३वी शताब्दी मे राजस्थानी पद्य के साथ-साथ गद्य का निर्माण भी प्रारभ हो गया था, यद्यपि उस पर अपभ्रश की छाप विद्यमान है।

१३वी शताब्दी के पश्चात गद्य का निरन्तर विकास होता रहा है। सग्रामसिंह द्वारा रचित बालशिक्षा व्याकरण[2] मे प्राप्य राजस्थानी गद्य के उदाहरणो को देख कर यह कहा जा सकता है कि आचार्यो का ध्यान भी राजस्थानी गद्य की ओर १४ वी शताब्दी मे आकृष्ट होने लग गया था। प्राचीन गद्य के निर्माण मे जैन-विद्वानो का विशेष योग हमे नि सकोच भाव से स्वीकार करना होगा, क्योकि

---

१ – वरदा, वर्ष ४, अक ३, पृ० ३।

२ – इस ग्रथ का रचनाकाल १३३६ है।

उन्होने न केवल स्वतन्त्र रूप मे वरन् बालावबोध, टब्बा तथा टीकाओ आदि के रूप मे भी राजस्थानी गद्य को अपनाया है तथा उसको पनपाने की चेष्टा की है। इस दृष्टि से तरुणप्रभसूरि द्वारा स० १४११ मे लिखित षडावश्यक बालावबोध यहा उल्लेखनीय है। १५ वी शताब्दी के अतिम चरण तक आते आते राजस्थानी गद्य मे काफी निखार आ गया था और अपने साहित्यिक रूप मे उसकी स्थापना हो चुकी थी जिसके प्रमाण मे माणिक्यसुदरसूरि द्वारा स० १४७८ मे रचित वाग्विलास के गद्यांशो को देखा जा सकता है, जिनमे गद्य के परिमार्जन के साथ-साथ लयात्मकता, अनुप्रास एव वर्णन-कौशल की खूबी परिलक्षित होती है।

भाषा के क्रमिक विकास की दृष्टि मे १५ वी शताब्दी की रचनाओ मे अपभ्रश का प्रभाव विद्यमान है क्योकि उनमे 'अउ' तथा 'अइ' के प्रयोग प्राय सर्वत्र मिलते हैं। इस समय की जैनेतर गद्य रचना अचलदास खीची री वचनिका मे भी इस प्रकार के उदाहरण देखे जा सकते है। शिवदास गाडण रचित यह रचना गागरोन के खीची शासक अचलदास तथा माडण के बादशाह के युद्ध को लेकर लिखी गई है जिसमे राजस्थानी गद्य का प्रयोग बहुलता के साथ हुआ है। उसकी अभिव्यक्तिगत विशिष्टता के आधार पर डा० टेसीटरी ने उसे प्राचीन राजस्थानी का एक क्लासिकल मॉडल कह कर उसके महत्त्व को प्रदर्शित किया है। यहा यह भी उल्लेखनीय है कि मुस्लिम सभ्यता के संपर्क के कारण राजस्थानी मे अरबी और फारसी के शब्दो का आगमन भी इस समय हो गया था। राजस्थानी गद्य के क्रमिक विकास का इतिहास प्रस्तुत करना यहा अपेक्षित नही है। अतः यहा केवल यह बताना पर्याप्त होगा कि १५ वी शताब्दी के अत तक आते-आते राजस्थानी गद्य का परिमार्जन एक सीमा तक हो गया था और १६ वी शताब्दी मे तो वह अनेक साहित्यिक विधाओ का माध्यम बनने लगा। १७ वी और १८ वी शताब्दी मे गद्य रचनाओ का निर्माण ज्ञात तथा अज्ञात लेखको द्वारा विपुल परिमाण मे हुआ है जिसका अधिकाश भाग प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो मे आज भी सुरक्षित है।

गद्य के विभिन्न रूप—

राजस्थानी गद्य का यह विकसित रूप बात, ख्यात, पीढी, वंशावली, वचनिका आदि अनेकानेक रूपो मे प्रयुक्त हुआ है। इनके अतिरिक्त राजस्थानी गद्य के माध्यम से अनुवादो की परपरा भी कोई १४ वी शताब्दी से प्रारम्भ हो गई थी और जिनमे जैन-विद्वानो का ही विशिष्ट हाथ रहा है। अनुवाद तथा टीकायें अनेक रूपो मे उपलब्ध होती हैं। इन टीकाओ के मुख्य रूप टब्बा,

बालावबोध, वार्तिक आदि हैं। आगे चल कर अरबी फारसी आदि भाषाओ के महत्त्वपूर्ण ग्रथो का उल्था भी राजस्थानी गद्य मे किया गया है, जिसकी सामग्री हस्तलिखित ग्रथो मे हजारो पृष्ठो मे लिपिबद्ध हुई है। यह कहने की आवश्यकता नही कि रामायण, महाभारत, पुराण, हितोपदेश आदि को पूर्ण रूप मे अथवा आशिक रूप मे इस भाषा के माध्यम से जनता तक पहुचाने का सफल प्रयास भी अनेक विद्वानो ने किया है। स्थानीय रियासतो के प्राचीन राजकीय रेकार्डों को देखने से यह प्रमाणित होता है कि बडे लबे अर्से तक इस प्रकार के काम-काज राजस्थानी भाषा मे ही होते थे। अत समाज की व्यावहारिक भाषा राजस्थानी ही थी।

कथाओ का वर्गीकरण—

उपरोक्त गद्य के विभिन्न रूपो मे वात और ख्यात का विशिष्ट महत्त्व है। मुहता नैणसी, दयालदास तथा बांकोदास की ख्याते बहुर्चाचित हैं, परन्तु इन ख्यातो के अतिरिक्त राठोडो, भाटियो, कछवाहो, चौहानो आदि की ख्यातें भी उपलब्ध हैं, जिनका महत्त्व जितना साहित्यिक दृष्टि से नही है, उतना ऐतिहासिक दृष्टि से है। साहित्यिक दृष्टि से वात-साहित्य एक ऐसी विधा है जिस पर सही माने मे राजस्थानी भाषा गौरव का अनुभव कर सकती है। अन्य भारतीय भाषाओ में इतना विषय-वैविध्य तथा कलात्मकता से परिपूर्ण कथासाहित्य उपलब्ध होना कठिन है। इस कथासाहित्य को मोटे तौर पर पाच भागो मे विभक्त किया जा सकता है—

१ ऐतिहासिक २ अर्ध ऐतिहासिक ३ पौराणिक
४ धार्मिक ५ सामाजिक

ऐतिहासिक कथायें प्राय ख्यातो के आशिक रूप मे तथा स्फुट रूप मे उपलब्ध होती है, जो कि प्राचीन शासको, योद्धाओ तथा विशिष्ट प्रकार के चरित्र-नायको को लेकर लिखी गई हैं। अर्ध ऐतिहासिक कथाओ मे कल्पना तथा जन-श्रुतियो का बाहुल्य है, परन्तु वे ऐतिहासिक कथाओ के अपेक्षा अधिक कलात्मक हैं। इस प्रकार की कथाओ की बहुलता का मुख्य कारण मुगलकाल मे यहाँ घटित होने वाली अनेकानेक घटनाएँ हैं जिनमे यहाँ के शासक वर्ग के शौर्य तथा कर्त्तव्यपरायणता व स्वामीभक्ति आदि गुणो का बखान किया गया है। प्रत्येक साहित्य प्राचीन सामाजिक-परम्पराओ एव मान्यताओ से प्रभावित ही नही होता, अपितु अपने पूर्वजो की थाती के रूप मे बहुत कुछ उनसे ग्रहण करने और उस पर मनन करने को लालायित रहता है। अत अनेक पौराणिक प्रसग

सहज ही मे राजस्थानी कथा-साहित्य की निधि बन गये हैं। हमारी सस्कृति मे धर्म का स्थान सर्वोपरि रहता आया है, वह केवल देवालय तक ही सीमित न रह कर हमारे आचार-विचार और दैनिक नित्य कर्म को बराबर प्रभावित करता रहा है। ऐसी स्थिति मे धर्म की शिक्षा-दीक्षा तथा उसके अनुकूल आचरण की प्रवृति डालने के उद्देश्य से विभिन्न धार्मिक-सम्प्रदायो ने अनेकानेक कथाओ का प्रचलन हमारे समाज मे किया। जिनमे एकादशी, शिवमहात्म्य, शनिश्चरजी, सत्यनारायणजी आदि की कथायें प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त प्रायः प्रत्येक धार्मिक पर्व से सम्बन्धित कथायें आज भी सुनने को मिल सकती हैं।

सामाजिक कथाओ के अतर्गत नीति, प्रेम और आदर्श-परक कथाओ को रखा जा सकता है। प्राचीनकाल मे जब शिक्षा-दीक्षा का प्रबन्ध आधुनिक ढग का-सा सभव नही था, तब इस प्रकार की कथाये ज्ञान-वर्द्धन तथा समाज की व्यावहारिक जानकारी का महत्त्वपूर्ण साधन थी। इनमे प्रेम-कथाओ की सख्या सबसे अधिक है जो कई उद्देश्यो से लिखी जाती रही हैं। इन कथाओ पर सर्वागीण रूप से विचार करने पर यह प्रतीत होता है कि इनमे अनेक तत्त्व विभिन्न रूपो मे गुम्फित होकर मानव-भावनाओ तथा तत्कालीन समाज की मनोदशाओ के अकन के साथ-साथ उनकी मान्यताओ पर सुन्दर प्रकाश डालते हैं।

कथाओ के विकास एव प्रचार की प्रक्रिया—

कथाओ की विविधरूपता के साथ-साथ उनके विकास एव प्रचार मे समाज के कुछ वर्गो का विशिष्ट योगदान रहा हैं जिसकी चर्चा यहाँ करना इसलिए आवश्यक है कि उसे जाने बिना इन कथाओ के उद्देश्य एव मर्म को समझना सहज नही है। इस दृष्टि से जैन विद्वानो, राजघरानो और चारण व भाटो का योग यहाँ उल्लेखनीय है।

जैन—जैन-विद्वानो द्वारा रचित अधिकाश कथा-साहित्य धार्मिक है। वह जैन यतियो और श्रावको द्वारा विकसित एव प्रचारित होकर उनके धर्मावलबियो मे विशेष प्रतिष्ठित हुआ। कई विद्वानो ने धर्मनिर्पेक्ष कथाओ का भी सर्जन किया। कुछ कथाओ मे लौकिक पक्ष की प्रमुखता है परन्तु उन्होने अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए उस पर धर्म का आवरण चढा दिया है। कथाओ के निर्माण की दृष्टि से ही नही अपितु उनकी सुरक्षा की दृष्टि से भी जैनियो की सेवाये अविस्मरणीय हैं। उनके नित्यकर्म मे स्वाध्याय एव लेखन आदि नियमित रूप से चलता रहा है जिसके कारण कथाओ के प्रचार एव उनकी सुरक्षा की तरफ

उनका ध्यान निरन्तर बना रहा। आज भी बडे-बड़े मदिरो और उपाश्रयो मे इस प्रकार के ग्रथ बहुत बडी सख्या मे सग्रहीत हैं।

राजघराने—जिस काल मे प्रेम, नीति तथा ऐतिहासिक तत्वो को लेकर अधिकाश कथाओ का निर्माण हुआ है, वह काल मुगलसत्ता और सस्कृति से आच्छादित रहा है। आए दिन भू और भामिनी के अतिरिक्त मदिर और गायो के प्रश्न को लेकर युद्ध होना साधारण बात थी। अपने मान और गौरव की रक्षा के लिए वीर पुरुषो की कथाओ का निर्माण एव प्रचलन कर उत्सर्ग की प्रेरणा प्राप्त करना स्वाभाविक ही था। परन्तु इस प्रकार के युद्धो की क्लान्ति और सघर्षमय जीवन मे रस का सचार करना भी आवश्यक था जिसकी पूर्ति के लिए अनेकानेक प्रेम-कथाए बनती रही और अवकाश के क्षणो मे वे उनके लिए मनोरजन के साधन का काम देने मे सफल हुई। राठोड पृथ्वीराज की तरह अनेक राजा जहाँ युद्धकला व काव्यकला दोनो मे निपुण थे, वहाँ महाराजा मानसिंह तथा बहादुरसिंह जैसे शासको ने इन दो कलाओ के अतिरिक्त कथा-निर्माण की कला भी प्राप्त की थी। वैसे शासको का निजी योगदान उतना नही है जितना उनके आश्रय मे रहने वाले साहित्यकारो का है। इस प्रकार की रोमान्टिक कथाओ के प्रचलन के पीछे एक सामाजिक प्रक्रिया भी थी। एक राजघराने से उपहार के रूप मे लिपिबद्ध बातो की सुन्दर पोथिया दूसरे राजघरानो व विद्वानो को पहुँच जाया करती थी। एक घराने की लडकी जब दूसरी जगह ब्याही जाती तो वह अपने साथ अपनी मन पसद कई पोथियें ले जाती थी। इस प्रकार यहाँ के रजवाडो मे इनका आदान-प्रदान होता रहता था। आज भी अनेक ठिकानो मे दूसरे स्थानो की लिखी हुई पोथियें उपलब्ध हो जाती है। कहना न होगा कि इस प्रकार के आदान-प्रदान मे कथाओ के प्रचार के साथ-साथ उनकी भाषा मे भी परिमार्जन हुआ है।

चारण व भाट—चारण तथा भाटो का सम्बन्ध यहाँ के शासक वर्ग के साथ तो घनिष्ठ रूप मे रहा ही है परन्तु समाज मे भी उनकी मान्यता व स्थान सदा से रहता चला आया है। उनके द्वारा राजस्थान मे साहित्य-रचना भी बडे परिमाण मे हुई। राज्याश्रय के अतिरिक्त स्वतत्र रूप से भी वे अन्य साहित्य की तरह कथाओ का निर्माण भी करते थे। उनका सम्पर्क प्राय साधारण जनता से अधिक रहता था इसलिए जनता मे इस प्रकार की कथाओ के प्रचलन का श्रेय भी इन लोगो को ही है। दिन भर के कार्य से थक कर शाम के समय मनोरजन के लिए जब लोग हथाई पर बैठते थे तो प्राय कई नो कोई बारहठजी

या रावजी बीच मे आ जमते और लोगो के थोड़से आग्रह पर बात की भूमिका बननी प्रारम्भ हो जाती थो। इन बातो को कहने की भी एक विशिष्ट कला है जो स्वय कथाओ से कम रोचक नही है। श्रोताओ का ध्यान आकृष्ट करने के लिए भूमिका बाँधी जाती है जिसमे प्राय: बात से सम्बन्धित भौगोलिक वर्णन अथवा देश विशेष की विशेषताओ का वर्णन रहता है। बात मे हुकारे का बडा महत्त्व है। बात कहने वाला पहले से ही श्रोताओ को सतर्क रहने तथा बात मे दिलचस्पी लेने को यह कह कर आगाह करता है कि 'बात मे हुकारो और फोज मे नगारो'। सब की जिज्ञासा को अपनी ओर केंद्रित कर फिर वह मूल बात पर यह कहता हुआ आता है—तो रामजी भला दिन दे, एक समय री बात, फला नगर मे फला राजा राज करतो हो। आदि २।

प्रेम गाथाओ की सामान्य विशेषतायें—

यह उल्लेख हम पहले कर आये हैं कि कथा-साहित्य मे शृगारपरक कथाओ का विशेष महत्त्व है। यहाँ सम्पादित बातो पर प्रकाश डालने के पहिले इस प्रकार की प्रेम-विषयक वार्ताओ की सामान्य विशेषताओ की ओर सकेत कर देना अनुचित न होगा। इन कथाओ मे प्रेमिका के सौन्दर्य का वर्णन अनेक उपमाओ, रूपको और उत्प्रेक्षाओ के सहारे किया जाता है। वेश-भूषा तथा हाव-भाव का चित्रण भी कथाकारो ने पूर्ण रस लेकर के किया है। जहाँ नायिका की कोमलता, प्रेम-लालसा व अलौकिक सौदर्य का वर्णन किया गया है, वहाँ नायक के शौर्य, शारीरिक गठन, घुड सवारी आदि का भी बखान किया गया है। उसे यथा-स्थान छैल-छबीला व रसिक-शिरोमणि भी सिद्ध किया गया है।

शृगार का सजीव चित्रण प्राय प्रकृति व महलो की साजसज्जा की पृष्ठ-भूमि मे किया गया है। वियोग और सयोग दोनो अवस्थाओ मे नायिका के भावोद्वेलन का वर्णन कही-कही षट्ऋतुओ के प्रभाव के साथ-साथ हुआ है तो कही वसन्त और वर्षा के सहारे। बाग-बगीचे व उद्यानादि उनके मिलन-केद्र के रूप मे वर्णित है। कही-कही प्रकृति के उपकरणो पर प्रेमातुर क्षणो मे मनुष्यो से भी अधिक विश्वास कर उन्हे प्रेम की सचाई के लिए साक्षी रूप मे स्वीकार किया गया है। प्रेम-सन्देशो के आदान-प्रदान के लिए जहाँ डावडियो तथा दूतियो आदि का सहयोग उन्हें मिलता रहा है वहाँ मालिन, तम्बोलिन व धोबन आदि ने भी पूरा जोखम उठा कर बडी चतुराई के साथ उनका काम कर दिया है। उनके शुभचिंतको की सख्या यहाँ तक ही सीमित नही है, पाले हुए मृग, सुगे व कबूतर भी अपने कर्त्तव्य से विमुख होना नही जानते। अश्व व ऊँट आदि

ने नायक को निश्चित स्थान व समय पर उसकी प्रेमिका से उसे मिलाया हो नही, अपितु सब की आंख मे धूल झोककर सुरक्षित स्थान पर भी पहुंचा दिया।

स्वजातीय प्रेमी-प्रेमिका के वीच मे जहा घरेलू व्यवधान, प्रेम-तत्त्व को प्रगाढता प्रदान करते हैं वहाँ विजातीय नायक-नायिका के वीच समाज का व्यवधान चित्रित किया गया है। परतु सच्चे प्रेम के सामने दोनो ही प्रकार के व्यवधान अन्तत बालू की दीवार की तरह ढह पडते हैं। नायक-नायिका का मिलन चाहे विधिवत् रूप से विवाह मंडप के नीचे न हो, अथवा कुसुम शैया पर निश्चित रूप से पौ फट जाने तक सभोग का आनन्द लेने का अवसर उन्हे भले ही न मिला हो, परन्तु श्मसान की भूमि में आकर उनके चिरमिलन मे ससार की कोई भी ताकत व्यवधान नही वन सकी। यह अलग बात है कि शिव-पार्वती की किसी प्रेमी-युग्म पर कृपा हो जाय और वे पुनर्जीवित होकर सामाजिक नियमो की पराजय से निर्मित गौरव महल मे फिर से प्रेम-क्रीडा करने लगें।

नायक-नायिका के प्रेम को चरम सीमा तक पहुचाने के लिए अनेक प्रकार के व्यवधानो का वर्णन तो किया ही गया है परन्तु इसके साथ-साथ नायिका के प्रेम को औचित्य प्रदान करने के लिए जहाँ च्युत नायक के वुद्धूपन तथा कुरूपता, कायरता आदि का हास्यास्पद वर्णन किया गया है वहाँ शौर्य आदि का उत्कर्ष न केवल नायक तक ही सोमित रहा है, वह नायिका के चरित्र मे भी प्रकट किया गया है। कुसुमादपि कोमल सुकुमारी अपने प्रेमी से मिलने के लिए मेघो से आच्छादित तिमिराच्छन्न रात्रि में अपने घर से वाहर निकल पडना साधारण सी बात समझती है और रास्ते में आने वाले किसी वन्य पशु व दुश्मन की हत्या करने में तनिक भी नही हिचकिचाती है।

प्रेम करना कोई हसी-खेल नही है। इसमें जितने साहस की आवश्यकता है उतनी चतुराई की भी। अनेको बार ऐसी परिस्थितिया आ जाती हैं जिनमे नायक-नायिका का वातचीत करना सभव नही होता, तव सकेतो के सहारे हृदय की मूक-भाषा मे सवाद सपन्न होते हैं। कही परिस्थिति कुछ अनुकूल-सी लगी तो लाक्षणिक काव्य-पद्धति उन्हें सहयोग दे जाती है।

अधिकाश प्रेम-चित्र यौवन के उद्दाम क्षितिज पर चित्रित है। जिनमे काम की लालिमा पर सुखद सभोग के अनेक इन्द्रधनुष तैरते हुये दिखाई देते हैं।

त्रिया मे धूर्ततापूर्ण चरित्रो को चित्रित करने की दृष्टि से लिखी गई कथाओ मे प्राय. जादू, टोना, निम्न कोटि की सिद्धिया, भूत-प्रेतो व पाखण्डी

सन्यासियो का वर्णन वडी चतुराई के साथ किया गया है जो लबी कथा मे प्राय औत्सुक्य का निर्वाह करने मे भी सहायक सिद्ध होता है।

प्रेम-गाथाओ मे पत्र-लेखन का बडा महत्त्व है। अपनी विरह-वेदना का सागर प्राय प्रेमपाती पर अकित दोहो की गागर मे भरकर भेजने मे प्रेमी को बडा सतोष होता है। इन पत्रो मे प्राय· नायिका अपने प्रेम-विह्वल हृदय की बात ही नही करती अपितु अपने हृदय को ही प्रेमी तक पहुचाने को लालायित रहती है। निश्चित अवधि पर मिलन न होने की स्थिति में प्राणो का मोह छोड देने की धमकी उसका अमोघ अस्त्र है, उसका उपयोग भी पूर्ण विश्वास के साथ वह करती है।

यद्यपि नायिका की विभिन्न अवस्थाओ और हाव-भाव का वर्णन इन कथाओ मे मिलता है परन्तु वह हिन्दी के रीतिकालीन प्रेमाख्यानो से अलग किस्म का है। शृगारिक उपकरणो व उसकी अभिव्यक्ति मे परिपाटीबद्धता अवश्य लक्षित होती है परन्तु रीतियुक्त नायक-नायिकाओ के सुनिश्चित क्रिया-कलापो के केट-लाग से वह सर्वथा भिन्न है। रीतिबद्ध प्रेम को जहाँ शास्त्र ने अपने नियमो मे जकड लिया है वहा इन गाथाओ का प्रेम सर्वथा मुक्त है। रीतिकाल के अनेका-नेक प्रेम-चित्र जहा वासना-जन्य भावनाओ से उत्पन्न कवियो की कल्पना के उपहार हैं वहा इन कथाओ का प्रेम जीवन की वास्तविकताओ के बीच क्रीडा करता हुआ दिखाई देता है।

कहने की आवश्यकता नही कि इस प्रकार का कथा साहित्य तत्कालीन समाज के राग-द्वेष, सौन्दर्य और प्रेम के मापदण्ड, जातीय-व्यवस्था, जीवन-आदर्श, यौन सम्बन्ध, मनोविनोद व राजा तथा प्रजा के सम्बन्धो की जानकारी का बडा ही उपयोगी साधन है। इन कथाओ मे प्रयुक्त काव्याश कही-कही उत्कृष्ट कोटि की काव्यकला अपने मे लिये हुये है। गद्य और पद्य का यह सुन्दर समन्वय तत्कालीन जीवन की यथार्थता और प्रेमानुरजित कल्पना के सम्मिश्रण के अनुकूल है, जिसकी व्याप्ति कथाकारो ने इस लोक में ही नही, जन्म-जन्मान्तर तक मे कर देने का प्रयत्न अपनी कुशल लेखन-शैली के बल पर किया है।

अब यहा सम्पादित प्रत्येक कथा को लेकर सक्षेप मे कुछ आवश्यक विचार प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

१ वात बगसीराम पुरोहित हीरां की

कथा साराश—

प्रकृति और मानव-सौन्दर्य की सुषमा के आगार उदयपुर पर राणा भीम (१८३४-१८८५) राज्य करता था। उसके राज्य मे अनेक कलाओ मे

निपुण गुणिजन और धनी सेठ-साहूकार रहते थे जिनमे कोडिधज लखमोचन्द का नाम प्रसिद्ध था। उसके घर हीरा नाम की रूपवती पुत्री ने जन्म लिया। शनैः शनै. समय के साथ अपनी सखियो के बीच गुड्डा गुड्डी का खेल खेलती हुई बचपन की देहली को लाघ, वह यौवन के क्षेत्र मे ज्यो ही प्रविष्ट हुई, उसके अगो मे नया निखार, मुख पर भोली लज्जा की अरुणिमा और आखो मे चचलता व्याप्त हो उठी। यौवन का चाचल्य बातों मे व्यक्त होने लगा और अधरो की बातें नजरो तक आने लगी, तब माता-पिता ने उसका विवाह अहमदाबाद के धनी सेठ कपूरचन्द के सुपुत्र माणकचन्द के साथ कर दिया। हीरा यौवन की सुख-लालसा का स्वप्न लेकर माणकचन्द के साथ चली गई, परन्तु उस सुन्दरी की इच्छा के अनुकूल वर प्राप्त न होने से वह बडी दु खित रहने लगी और वापिस उदयपुर चली आई।

उन्ही दिनो निवाई[1] (जयपुर राज्य) मे बगसीराम पुरोहित निवास करता था जो युद्ध और प्रेम दोनो ही कलाओ मे समान रूप से प्रवीण था। वह अपने ससुराल बूदी मे आखेट आदि अनेक प्रकार के मनोविनोद करता हुआ सावण की तीज का आनद लूट रहा था। इतने मे किसी ने उदयपुर की गणगौर को प्रशसा करते हुये उसे देखने का प्रस्ताव रखा। बगसीराम वहा से अपने साथियो सहित उदयपुर आ पहुँचा और सहेलियो की बाडी मे डेरा डाल दिया। पीछोला तालाब पर 'गवर' की सवारी देखने के लिये जनता को भीड एकत्र हुई तो बगसोराम भी अपने घोडे पर सवार हो वहा जा पहुचा। उसके सौन्दर्य और तडक-भडक ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उधर हीरा की नजर इस पर पडी तो उसने फौरन अपनी चतुर दासी केसरी को सकेत कर उसके पास भेजा और परिचय प्राप्त करने के बाद उसने हीरा की अभिलाषा प्रकट की। पहले तो बगसीराम ने स्वीकृति नही दी परन्तु जब उसने हीरा की मनो-दशा का, उसके अलौकिक सौन्दर्य का वर्णन किया तो बगसीराम का उन्मत्त यौवन भी उस सुन्दरी को भोगने के लिये लालायित हो उठा।

सकेत के अनुसार निश्चित समय पर बगसीराम अपने घोडे पर सवार हो रात के समय हीरा के महल मे जा पहुचा। महल की शोभा, साज-सज्जा और उसमे सोलह शृगार कर बैठी हुई काम भावना की साक्षात् मूर्ति, अप्सरा सी सुन्दरी हीरा ने एकाएक उसे अपनी ओर खीच लिया। रात भर रति-विलास करने के पश्चात् जब पुरोहित रवाना होने लगा तो हीरा के लिये विदाई के वे

---

१ – कथा में पुरोहित का निवास-स्थान कही निवाई और कही नरवर मिलता है।

क्षण असह्य हो उठे। दूसरे ही दिन राणा भीम को ज्यो ही पता लगा कि कोई विलक्षण व्यक्ति अपने दलबल सहित सहेलियो की बाडी मे ठहरा हुआ है, तो उन्होने मिलने की इच्छा प्रगट की। जगमदिर मे दोनों का मिलना हुआ। राणा ने जब नमस्कार किया तो पुरोहित ने केवल राम राम कह दिया और आशीर्वाद आदि न दिया। राणा ने क्रुद्ध होकर इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि मै अनमी हू और रघुवश तथा नरवर के शासको के अलावा किसी को नमन नही करता। महाराणा ने उसके अनमीपने के औचित्य को स्वीकार किया परन्तु जब उसने साधारण ब्राह्मण न होकर तलवार के बल पर खेलने वाला योद्धा अपने आपने को कहा और इसी सदर्भ में परशुराम के द्वारा २१ बार क्षत्रियो का विध्वस करने की बात आई तो फिर बात बढ गई। राणा ने उसके दल-बल को देख लेने की चुनौती तक दे दो। पुरोहित ने अपने डेरे पर लौट कर शिवलाल धाभाई को सारी बात कही। धाभाई ने किसी प्रकार की परवाह न करने को कहा और अपनी सहायता के लिये फौरन अपने पगडी बदल भाई सिवाने के राव बहादुर को चुने हुए योद्धाओ के साथ सहायतार्थ आने के लिये लिखा। राव बहादुर आ पहुचा।

ज्योही तीज का त्यौहार आया, पुरोहित अपने साथियो सहित अफीम आदि का सेवन कर तीज का उत्सव देखने पीछोले पर एकत्रित हो गए। उधर हीरा भी अपनी सहेलियो के साथ बन ठन कर वहाँ आ पहुची। सुनिश्चित योजना के अनुसार देखते ही देखते बगसीराम ने हीरा को अपने घोडे पर बिठाया और वहा से निकल पडा। मेले मे भगदड मच गई और शहर मे शोरगुल हो गया। राणा भीम ने पता लगते ही अपनी फौज भेजी। दोनो पक्षो मे घमासान युद्ध हुआ। पुरोहित ने हीरा और उसकी दासी केसर को पहाडी की ओट मे घोडे से उतार दिया और स्वय विपक्षियो पर टूट पडा। काफी समय तक युद्ध होने पर दोनो पक्षो के अनेक योद्धा मारे गये परन्तु विपक्षियो की क्षति अधिक हुई। पुरोहित हीरा को लेकर अपने निवास स्थान लौट गया। अपने सहयोगियो का आभार प्रकट किया और हीरा के सौन्दर्य का निश्शक होकर उपभोग करने लगा। छहो ऋतुओ मे विभिन्न त्योहारो का आनन्द लूटते हुये अनेकानेक प्रकार की प्रेम-क्रीडाओ मे रत होकर समय व्यतीत करने लगा।

कथा का वैशिष्ट्य—

यह कथा अनमेल विवाह के दुष्परिणामो को प्रकाश मे लाने की दृष्टि से लिखी गई है। हमारे देश मे अनमेल विवाह की प्रथा काफी लबे समय से

प्रचलित रही है। राज्य सत्ता, धन सत्ता अथवा घराने के वडप्पन की होड को लेकर प्राय अनमेल विवाह होते रहे हैं। मुगलो मे भी यह प्रथा प्रचलित रही है और उसके दुष्परिणाम भी उन्हे भोगने पडे हैं। जलाल और बूबना की वात इसका उदाहरण है। हीरां जैसी सुन्दरी का विवाह माणिकचन्द जैसे कुरूप व्यक्ति के साथ कर देने से ही हीरा का मन उसके उपयुक्त प्रेमी ढूढने के लिये विकल हो उठता है और सयोग से वगसीराम जैसे सुन्दर और साहसी नवयुवक के सपर्क मे आकर उसे अपना जीवन अर्पण कर देती है।

कथा को रोचक वनाने के लिये लेखक ने स्थान-स्थान पर गद्य व पद्य मे वडे ही सुन्दर वर्णन किये हैं। इस दृष्टि से उदयपुर नगर, वूदी, सहेलियो की वाडी, हीरा का सौंदर्य व श्रृगार, उसके महल की साज-सज्जा, वगसीराम व उसके साथियो का ठाट-वाट तथा प्रेमी युग्म की क्रीडाओ का वर्णन द्रष्टव्य है। कही कही उक्ति-वैचित्र्य भी देखते ही बनता है।

प्रेम की रात प्रेमियो के लिये प्राय: वहुत छोटी हो जाया करती है। प्रथम मिलन की रात ढलने को हुई है उस समय हीरा की मनोवृत्ति का वर्णन लेखक ने सुन्दर संवादात्मक शैली मे किया है। यथा—

वगसीराम कहै छै—परभात हूवो, मदर झालर घटा बजायो।
हीरा कहै छै — वालम, परभात नही, वधाई बाजै छै। अऊत घर पुत्र जायो।
प्रोहित कहै छै — प्यारी, प्रभात हुई, मुरगी बोल रही छै।
हीरा कहै छै — कुकडा मिलाप नही छै।
प्रोहित कहै छै — प्यारी, प्रभात हुवो, चडिया बोलै छै।
हीरा कहै छै — वालम, प्रभाति नही, याका माळा मे सरप डोलै छै।
प्रोहित कहै छै — प्यारी, प्रभात हुवो, चकई चुपकी रही छै।
हीरा कहै छै — वालम, वोल बोल थाकी भई छै।
प्रोहित कहै छै — दीपग की जोति मदी भई छै।
हीरा कहै छै — तेल को पूर नही छै।
वगसीराम कहै छै — सहर को लोग जाग्यो छै।
हीरा कहै छै — कोईक सहर मे चोर लाग्यो छै
प्यारो कहै छै — प्यारी, हठ न कीज्ये, अब बहुन कर डेरानै हूकम दीज्ये।

(पृष्ठ २६)

सपूर्ण बात मे गद्य का प्रयोग बडी काव्यात्मक शैली के साथ किया गया है। उसमे लय के साथ साथ तुकान्तता भी है, जिससे उसे पढते समय काव्य का सा आनद आता है। इस द्रष्टि से एक उदाहरण यहा दिया जाता है—

'हीरा की सहेलिया हसा को डार। अदभुत कवळ वदन सोभा अपार। यूं कवळ की पापडीया एक वरोवर सोहै। वा सहैलिया मे हीरा परगुरूपी मन मोहैं। कीरतिया को भूमको तारा मडल की शोभा। आफू की क्यारी पोसाष मन लोभा। केसरिया कसुमल घनवर पाटवर नवरग पोसाष राजै छै। अतर फुलेल केसरि कसतुरी सुगध छाजै छै।' (पृ० १५)

लेखक व्यग का प्रयोग करने मे भी बडा प्रवीण है। व्यग के सहारे दूल्हा और दुलहिन की अनमेल जोडी का चित्रण बडी ही खूबी के साथ किया गया है, जिसे पढते ही पाठक की सहानुभूति हीरा के साथ हुए बिना नही रहती। हीरा के मन की वात हीरा के मुख से सुनिये—

'सुणि केसरी, असो पावँद पायौ छै। कपूर को भोजन काग नै करायौ छै। गधेडा रै अग पर चदन चढायौ छै। अन्ध कै आगै दरपण दीपायो छै। गूंगै के आगै रगराग करायो छै। नागरवेल को पान पसु नै चवायो छै।' (पृ. ५)

लेखक ने जहाँ एक ओर परिमार्जित गद्य का प्रयोग किया है वहाँ कविता को भी सुन्दर सृष्टि की है। उसने स्थान-स्थान पर दूहा, सोरठा, गाथा, कुड-लिया, पद्धरी, झमाल, उधोर, चद्रायणा, भुजगप्रयात, छप्पय, त्रोटक, गीत अर्धाली आदि अनेक छदो का सफल प्रयोग किया है। काव्यकला की दृष्टि से कुछ पद्याश यहाँ उल्लेखनीय हैं।

हीरा की मनोदशा—

हीरा मन आकुल भई, आयो लेप अनथ।
चाग्र हीरा चदसी, केत राहासो कथ ॥ ३१ ॥

फीकै मन फेरा लिया, अतर भई उदास।
आप मीच रोगी अवस, पीवत नीम प्रकास ॥ ३२ ॥

× ×

हीरा मद आतुर हुई, चित पीतम की चाह।
विपधर ज्यू चदन विना, दिल की मिटै न दाह ॥ ४२ ॥

× ×

प्यारी पीव प्रजक पर, ऊलही उर अवलूंव।
मानु चदन वृच्छ मिल, भुकी क नागणि भूव ॥ २१४ ॥

शिकार वर्णन—

ताता अपार प्राक्रम तुरग, कूदत छँवि जावत कूरग ।
चढि चले प्रोहित राण चग, अत वलवीर जोधार अग ।।

वण सुभट घाट हैमर वणाये, आखेट रमण कीनो उपाये ।
घमसाण चले घण थाट घेर, वाजत घाव नीसाण भेर ।।

चमकत सेल पाखर प्रचड, दमकत ढाल नीसाण दड ।
घ्रमकत घोड पुर घरण धज, रमकत गगन मग चढीये रज ।।

× ×

हलकार प्रोहित कोप कीन, ललकार म्यान तरवार लीन ।
पेष्यो क गज घरै अनड पप, घायो क वाज चीडकली यधक ।।

अति जोम पीरोहत कर अपार, दमकत तडत वाई दुधार ।
कटचो क शीस केहरि कराल, फटचो क मानु तरवूज फाल ।। ६९ ।।

(पृष्ठ ९)

युद्ध वर्णन—

चहूवाण डतै झालो अचल, ऊत राव प्रोहित ऊरडै ।
वीर हाक-धमच विषम, झुके वदूका सो कड(ड़ँ) ।।२६३।।

हणण माच हैमराण गणण घोपा रवै हू गर ।
पणण वाजया ज पाषरा धुज पूरताल धरणधर ।
ठणण वदूकां ठोर गोलिया गिणण गिण गनगत,
टणण धनस टकार भणण पर तीर भणकत ।।

सिंधवा राग समागमण गणण भेर अ वक वज्जे ।
चीरवै घाट परचा पडै, विषम थाट भारथ वजे ।। २६४ ।।

(पृ० ३६)

इस रचना का लेखक अज्ञात है। परन्तु यह घटना राणा भीम के समय की है, इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इसकी रचना १९ वी शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे हुई है । उदयपुर को प्रकृति-सुषमा, सहेलियो की वाडी तथा राणा भीम के ठाट-बाट का वर्णन कवि ने विशेष रस लेकर किया है जिससे वह स्वय उदयपुर का निवासी हो तो कोई आश्चर्य की बात नही, परन्तु उसने पुरोहित वगसीराम के ऐश्वर्य, शौर्य आदि का वर्णन भी उतनी ही दिलचस्पी के साथ किया है और युद्ध मे राणा भीम की राजकीय सेना को उससे हारता हुआ वताया है जिससे यह सम्भावना

अधिक वजन रखती है कि वह बगसीराम के साथियो की मण्डली मे से ही उसका आश्रित कोई कवि रहा होगा ।

२ राजा रीसालू री बात

कथा सारांश—

एक समय श्रीपुर नगर मे शालिवाहन राजा राज्य करता था । उसके स्वर्गवास होने पर समस्तकुमार गद्दी पर बैठा । उसके सात रानिया थी, किन्तु पुत्र एक के भी नही था । इस कारण राजा चिन्तित रहता था ।

एक बार वह सूअर की शिकार खेलने के लिए निकला । शिकार का पीछा करते करते रात पड गई । उसने वही जगल मे ही ठहरने का निश्चय किया । वहा से कुछ दूर एक पहाडी पर आग जलती हुई दिखाई दी । राजा ने इसका पता लगाने को कहा, तब अन्य लोगो की तो हिम्मत नही पडी किन्तु एक गडरिये ने हिम्मत की और वह पता लगा कर आया कि वहा कोई सन्यासी तपस्या कर रहा है । जब राजा स्वय वहा पहुचा तो उसने देखा कि गुरु गोरखनाथ आखें बद किये समाधि मे लीन हैं । राजा बहुत देर तक एक पैर पर हाथ जोड कर खडा रहा, गुरु गोरखनाथ की कृपा हुई । वर मांगने को कहा । राजा ने पुत्र मागा । गोरखनाथ ने अपनी गुलाब की छडी उसे दी और उसे फेंक कर आम प्राप्त करने को कहा तथा वह आम किसी रानी को खिला देने से उसके पुत्र पैदा होगा, जिसका नाम रिसालू रखा जाये ऐसा आदेश देकर राजा को विदा किया ।

राजा ने ऐसा ही किया । कुवर तो उत्पन्न हो गया परन्तु ज्योतिषियो ने एक आशका खडी करदी । उन्होने अपनी विद्या के आधार पर पुत्र का जन्म माता-पिता के लिए घातक बताया जिसके निदान-स्वरूप बारह वर्ष तक पुत्र का मुह वे न देखें, इस प्रकार की व्यवस्था की गई । राजकुमार अलग से धाय मा के द्वारा पाला पोसा जाने लगा ।

समय बीतता गया । जब वह ग्यारह वर्ष का हुवा तो आनदपुर के राजा मान और उज्जैनी के राजा भोज की ओर से कुवर के शादी के नारियल आये । कुवर अभी एक साल तक बाहर नही निकल सकता था और नारियल वापिस करना उनकी प्रतिष्ठा के प्रतिकूल था । इसलिये कुवर का खाडा मगा कर नारियल स्वीकार किये गये और राजकुमारियो का विवाह खाडे के साथ कर दिया गया ।

राजकुमार ने जब धाय मा की लडकी से बाहर निकलने के प्रतिबंध की जानकारी चाही तो उसने सच्ची-सच्ची बात कह दी । वह बडा दु खित व कुपित हुआ तथा राजा की अनुपस्थिति मे दरीखाने मे आ बैठा । ज्योतिषी महाराज से उसकी झडप होना स्वाभाविक ही था । राजा को पता लगते ही राजकुमार को देश निकाला मिल गया । वह काले घोडे पर सवार होकर वहा से विदा हुआ ।

अनेक प्रकार की बाधाओ को झेलता हुआ वह एक नदी किनारे पहुचा तो उसने अनेको मुड पडे हुये देखे । उन्हें हँसता देख कर वह और भी चकित हो गया । जब उसने इसका भेद जानना चाहा तो उसे पता लगा कि यहा के अगरजीत नामक राजा की राजकुमारी को प्राप्त करने के लोभ मे इनकी यह गति हुई है । वह स्वय अगरजीत के महल तक जा पहुचा और बाजी खेलने का प्रस्ताव रखा । चौपड बिछाई गई । पहले तो राजकुमार हारता गया, उसने अपनी सारी वस्तुयें खो दी । आखरी दाव सिर को बाजी पर लगा देने का था । दोनो मे निश्चित लिखा पढी हुई । कुवर ने इस बार अपनी लघु लाघवी विद्या के सहारे गोरखनाथजी के पासे वहा प्रस्तुत कर दिये । कुंवर जीत गया । राजा सिर देने के पहिले बडा दु खित होकर रानियो से मिलने गया तो राणियो ने राजा को बचाने को युक्ति से राजकुमारी का विवाह रिसालू के साथ कर देने का प्रस्ताव रखा । रिसालू ने उदारतापूर्वक प्रस्ताव को स्वीकार किया; किन्तु जिस लडकी की मनोकामना के फलस्वरूप अनेक राजकुमारो के मुंड धराशायी हो गये थे, उसे पापिनी समझ कर उसके साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया । दूसरी लडकी केवल दस माह की थी परन्तु रिसालू उसके साथ विवाह करने को राजी हो गया । विवाह के पश्चात् लडकी को अपने साथ ले वहा से विदा हुआ । लघु लाघवी कला से उसने एक हिरण और सुग्गा-सुग्गी के जोडे को अपनी परिचर्या के लिये पकड लिया ।

वहा से ज्यो ही एक नगर मे पहुचा तो पता लगा कि नगर उजाड पडा है । किसी राक्षस के आतक से वह नगर खाली हो गया था । रिसालू ने उसे पुन आबाद करने की दृष्टि से उस राक्षस का वध करने को ठानी । गोरखनाथजी से प्राप्त तलवार से उसने राक्षस को खत्म कर दिया । वहा से भागे हुये लोग पुनः आकर बस गये । नगर पुनः आबाद हो गया । समय बीतते-बीतते राजकुमारी ग्यारह वर्ष की हुई ।

रिसालू का हिरण बाग मे चरने का बडा शौकीन था । जलाल पाटण के बादशाह हठमल का बाग पास ही पडता था । वहा वह प्रायः रात को पहुच

जाता था। जब हठमल को उसका पता लगा तो वह स्वय एक रात उसकी शिकार करने के लिये वहा आया। हठमल उसका पीछा करता-करता रिसालू के महल के पास वाले बगीचे तक आ पहुचा। रात अधिक हो जाने के कारण वह वही सो रहा। उधर जब बहुत देर तक हिरण वापिस नही आया तो रिसालू स्वय उसकी खोज मे बाहर निकल पडा। रानी ने प्रभात मे जब महल से बाहर झाका तो बडे निश्चित ढग से हठमल अपने दाढी के बाल सवारता हुआ, अलसायी हुई आँखो से झरोके की तरफ देख रहा था। राणी ने भी निश्चिन्तता, साहस और मदभरी आखे देखी तो वह उस पर आसक्त हो गई। रिसालू तो बाहर गया हुआ था ही, रानी के सकेत पर हठमल महलो मे पहुच गया और दोनों प्रेम-क्रीडा करने लगे. सुग्गा-सुग्गी को यह असह्य हुआ तो उन्होने उसे टोक कर अपना कर्तव्य पूरा करना चाहा। परन्तु उनकी इस गुस्ताखी की सजा रानी ने सुग्गी के पर नोच कर उसी समय दे दी। सुग्गा फौरन उड कर सभी बातो की खबर राजा को दे आया। राजा पहुचा तब तक हठमल वहा से रवाना हो चुका था। राजा ने रानी के सब रग ढग देखे तो उसे सशय हुए बिना न रहा। दूसरे दिन राजा सुग्गे को साथ ले घूमने निकला। कुछ दूर जाने पर सुग्गा उड कर पुन महल पर आया। उस समय हठमल रानी के साथ प्रेम-क्रीडा कर रहा था। सुग्गे ने फौरन इसकी सूचना राजा को दे दी और फिर महल पर आकर व्यगात्मक ढग से उन्हें कुकर्म करने की सजा मिलने का सकेत किया। हठमल ने आने वाले खतरे को भाप लिया और काम मे उन्मत्त रानी से बडी कठिनाई के साथ विदा लेकर घोडे पर वहा से निकला। रास्ते मे ही हठमल और राजा मे मुठभेड हो गई। हठमल राजा के भाले से मारा गया। रानी से दुश्चरित्र का बदला लेने के लिये वह हठमल का कलेजा उसके पास ले गया और उसे शिकार का मास बता कर, पका कर खाने को कहा। रानी ने ऐसा ही किया।

रानी राजा की नजरो से गिर ही चुकी थी। सयोग से एक योगी अपनी स्त्री को खो चुकने के बाद दूसरी स्त्री की मनोकामना लेकर राजा के पास उपस्थित हुआ। राजा ने अपनी रानी उसे देदी। योगी के साथ रानी रवाना तो हो गई परन्तु उसके मन मे अनेक प्रकार के सकल्प-विकल्प उठ रहे थे। आगे जाकर उसने देखा तो हठमल रास्ते मे मरा पडा था। उसे कौए नोच रहे थे। मन ही मन रानी अपने प्रेमी की यह दशा देख कर विलाप करने लगी। जोगी को कह कर उसे जलाने के लिए चिता बनवाई, और जोगी को पानी लाने के बहाने तालाब पर भेज कर पीछे से हठमल की देह के साथ जल मरी।

अब राजा ने उस नगर मे रहना उचित न समझ कर वहा से राजा मान की नगरी आणंदपुर को कूच किया। वहा जाकर तालाब पर स्नानादि करने लगा। अनेक सहेलियो के साथ राजकुमारी भी वहा पानी भरने आई थी। उसने इस सुन्दर युवक की ओर कटाक्ष किया, तथा दोनो मे साकेतिक ढग से एक दूसरे के प्रति अनुराग व्यक्त हुआ। रिसालू वहा से सीधा मालिन के घर पहुचा जिसने जँवाई के आने की खबर राजा के दरबार मे पहुचाई। राज-लोक मे बड़ी खुशिया मनाई जाने लगी। रिसालू का स्वागत किया गया। वह राजमहलो मे ठहरा। रात पड़ने पर राजकुमारी सोलह शृंगार कर अपने पति से मिलने आई तो महल का दरवाजा बद था। उसने दरवाजा खटखटाया। अनेक प्रकार के प्रेम-भरे उलाहने कोमल शब्दो मे देने लगी, पर दरवाजा न खुला। इतने मे वर्षा प्रारभ हो गई। राजकुमारी ने दरवाजा खुलवाने का यह कह कर प्रयत्न किया कि मेरा शृंगार भीग रहा है, अब तो यह मजाक छोडो। दरवाजा फिर भी न खुला, तब उसने अपनी दासी से कहा—इसे तो थकावट के कारण नीद आगई है। मैं अपने प्रेमी का वायदा तो निभा आऊ। रिसालू तो नीद का बहाना करके सोया हुआ था। उसने सभी बातें सुनली। राजकुमारी जब महलो से नीचे उतरी तो वह उसके पीछे हो लिया। राजकुमारी सीधी प्राणनाथ सुनार के यहाँ गई। बरसती हुई रात मे दरवाजा खुलवा कर अदर गई तो प्राणनाथ ने उसे देर से आने पर बुरी तरह डाटा। राजकुमारी ने बडी विनम्रता के साथ माफी मांगते हुए अपने दुष्ट पति के आ जाने की बात कही। तब तो सुनार और भी बिगड़ा और कहने लगा—तब तो तू इसी तरह टालमटोल करती रहेगी। तब राजकुमारी ने उसी विनम्र भाव से उसे आश्वासन दिया कि चाहे जितनी देर हो जाय किन्तु मैं आपकी हाजरी अवश्य बजाऊगी। रिसालू यह सब कुछ दर-वाजे के पास बैठा हुआ चुपके से देख रहा था। उसने उनके सभोग की उन्मुक्त क्रीड़ायें भी देखी। प्रभात हो गया। राजा राणी से पहले अपने महल मे आकर सो गया। कोई पहचान न ले, इसलिए राणी भी पुरुष का वेश धारण कर महलो मे पहुंची। राजा को जगाया तो वह बनावटी निद्रा से आलस मरोडता हुआ उठा। राणी ने रात को दरवाजा न खोलने के लिए बड़े मान और प्रेम भरे वाक्य राजा को सुनाये।

कुछ समय पश्चात् राजा ने कहा कि उसे कुछ सोने का काम करवाना है अत सुनार को बुलवाया गया। राणी भी वही उपस्थित थी। राजा ने सुनार से बातचीत प्रारभ की। उसने देखा कि सुनार और राणी की प्रेमभरी नजरे बार-बार आपस मे टकरा रही हैं। उसने उपयुक्त अवसर देख कर पानी की

झारी मंगवाई और अजली मे सकल्प लेकर 'श्रीकृष्णारपुन्य छै' कहकर रानी का हाथ सुनार के हाथ मे दे दिया। राज-परिवार ने रिसालू को बडा उलहना दिया, परन्तु उसने यह कह कर वहा से विदा ली कि मैंने तुम्हारी लडकी को उसी प्रकार तज दिया है जिस प्रकार साप केचुली को छोडता है।

रिसालू को अब केवल भोज की लडकी से मिलना था। वह सीधा उज्जैन पहुचा। उसके सकेत के अनुसार जब बगीचे मे आम का झूमका गिर पड़ा, तो भोज की लडकी ने समझा कि रिसालू आ जाना चाहिए था परन्तु निश्चित अवधि तक वह नही आया। इसलिए अब प्राण त्याग देना ही उचित होगा। नदी के किनारे उसके लिए चिता वन चुकी थी। रिसालू आकर वही वाग मे ठहरा। लडकी जलने के लिए चिता के पास पहुची तब रिसालू ने वहा पहुच कर अपने आने की सूचना दी। लडकी को जलने से रोक दिया गया और यह निश्चय होने पर कि लड़की का पति रिसालू यही है, दोनो सुख के साथ राज-महलो मे आनद भोगने लगे। रिसालू को विश्वास हो गया कि ससार मे पतिव्रता और सती नारिया भी हैं।

वहा से फिर अपनी रानी सहित अपने माता-पिता से मिलने चला। महादेवजी की कृपा से उसका फौज-बल भी बढ गया था। शहर के बाहर तालाब पर उसने फौज सहित पडाव डाला। राजा समस्तजीत किसी प्रबल शत्रु को आया जान, पहले तो भयभीत हुआ, परन्तु जब पता चला कि बारह वर्ष का वनवास भोगने के बाद यह उसका पुत्र ही आया है तो उसके हर्ष का ठिकाना न रहा। पूरे शहर में खुशिया मनाई गई और रिसालू को बड़े स्वागत के साथ राजमहलो मे लाया गया।

कथा-वैशिष्ट्य

कथाकार का उद्देश्य—

राजस्थानी कथा साहित्य मे राजा भोज, विक्रमादित्य, रिसालू आदि प्रसिद्ध व्यक्तियो को लेकर अनेक प्रकार की कथाये वनी हैं। उनमे त्रिया-चरित्र को प्रगट करने वाली कथाओ का अपना महत्व हैं। इस प्रकार की घटनाये वास्तव मे इन महापुरुषो के जीवन मे घटी या नही, यह कहना बडा कठिन है। परन्तु यह स्वीकार किया जा सकता है कि इन विभूतियो का व्यक्तित्व इतना महान् था कि जिसे महत्तर वनाने के लिए ये मानव की अनेकानेक प्रवृत्तियो को जानने के जिज्ञासु निरन्तर बने रहे और अपने ज्ञान की पिपासा को शान्त करने के लिए अनेक प्रकार की कठिनाइया भी इन्होने झेली।

सौन्दर्य से ओतप्रोत सुकुमार नारी मनुष्य की काम-पिपासा को शान्त करने का साधन सृष्टि के प्रारभ से ही रही है। इसलिए उसके सौन्दर्य और व्यक्तिगत विशिष्ट गुणो की असख्य कल्पनाये अलग-अलग युगो मे होती रही हैं। एक ओर मनुष्य नारी की सम्मोहन-शक्ति से जहां अभिभूत होता रहा है वहा वह उस पर पूर्ण अधिकार रखने के लिए ही सचेष्ट रहता आया है। अपना पूर्ण अधिकार खो देने की कल्पना उसे भयभीत भी करती रही है जिसके कारण वह अपनी अत्यन्त प्रिय वस्तु को सशय की दृष्टि से भी देखता आया है। दूसरी ओर, नारी अपना सब कुछ पुरुष को अर्पण कर सन्तोष और सुख का अनुभव करती रही है, वहा वह मनुष्य के कृत्रिम अधिकारो से बुने हुए सामाजिक नियमो के जाल मे दम घुट जाने के कारण मनोवैज्ञानिक विवशताओ की विशेष परिस्थितियो मे उस जाल को तोड़ कर सब के सम्मुख आ खड़ी हुई है।

इस प्रकार की कथाओ के नारी-चरित्रो को देखने से नारी और पुरुष के अधिकारों की असमानता तथा दाम्पत्य जीवन की विशृखलता का अनुमान लगाने के साथ-साथ उस काल के मानव का नारी के प्रति दृष्टिकोण भी किसी अश तक समझ मे आता है।

राजा रिसालू जब अगरजी की नगरी के पास पहुचा तो उसे पता लगा कि एक सुन्दर राजकुमारी को पाने के लिये कितने ही लोग अपनी जान गँवा बैठे हैं, फिर भला वह क्यो पीछे रहता यद्यपि कुछ ही समय पहले उसकी शादी राजा भोज और राजा मान की लडकी से हो चुकी थी। चौपड के खेल मे अगरजी से जीत जाने पर अगरजी का शिर न कटवाने के बनिस्पत उसकी बड़ी लड़की के साथ शादी करने का प्रस्ताव उसके सामने रखा गया परन्तु अनेक मनुष्यो का वध उसके कारण हुआ था, इसलिये उसने यह रिश्ता अस्वीकार कर दिया। वस्तुस्थिति तो यह थी कि लोगो के प्राण लेने का खेल उसका पिता खेलता था, लड़की का भला इसमे क्या दोष? एक ओर पिता के कुकृत्यो के कारण उसे पापिनी घोषित होना पड़ा और दूसरी ओर उसका भविष्य भी अनिश्चित हो गया। मनुष्य का नारी के प्रति मोह बडा अजीब होता है। रिसालू ने राजा की दस माह की कन्या के साथ शादी करली और उसे लेकर वहा से रवाना भी हो गया। अनेक प्रकार की कठिनाइयो को झेलने के बाद लड़की ग्यारह साल की हुई और उसका प्रेम-सम्बन्ध अचानक ही हठमल के साथ हो गया। रिसालू का उसके प्रति कुपित होना स्वाभाविक ही था, क्योकि वह उसको परिणीता थी। परन्तु मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यदि देखा जाय तो जो

लडकी एक पुरुष द्वारा शिशु-अवस्था से ही पाल पोष कर बडी की गई हो, उसके प्रति पिता का सा आदर और अनुराग की भावना का होना स्वाभाविक ही है। उसे अपना प्रेमी बना लेने की कल्पना बहुत कठिन है। ऐसी स्थिति मे प्रेमातुर पिपासा के वशीभूत वह अपना नवविकसित यौवन हठमल को अर्पित कर देती है। उसका प्रेम वास्तव मे सच्चा है, इसीलिये वह योगी के साथ न जाकर हठमल की चिता मे जल मरती है।

राजा मान की लडकी के साथ रिसालू की शादी कोई ११-१२ वर्ष पहिले हो चुकी थी। क्योकि रिसालू को देश निकाला मिल चुका था और उसका निश्चित पता भी मालूम नही था, ऐसी अवस्था मे सुनार के लडके से उसका प्रेम हो गया। सुनार जैसे साधारण व्यक्ति से एक राजकुमारी का प्रेम होना चौका देने वाली वात अवश्य है, किन्तु इसके पीछे सपर्क की सुविधा विशेष कारण प्रतीत होती है क्योकि सुनार लोग प्राय रनिवास मे गहने आदि बनाने के सबध मे बातचीत करने पहुच जाया करते होगे। रिसालू को जब उनके प्रेम-सबध का पता लग गया तो उसने सुनार को ही राजकुमारी देदी और वह उसे अपने घर ले गया। इससे एक ओर जहा रिसालू की उदारता प्रकट होती है वहा राजा मान की घरेलू व्यवस्था का भी पता चलता है। राजकुमारी के चरित्र के बारे मे घर वालो को सब कुछ मालूम हो जाने पर भी वे राजकुमारी को उसी समय किसी प्रकार का उलाहना या दण्ड नही देते अपितु रिसालू से ही प्रार्थना करते हैं कि वे इतनी सुन्दर राजकुमारी का परित्याग इस प्रकार की घटना के कारण न करे और सारी वात को वही पर दबा कर उनके घर की प्रतिष्ठा को बचाने मे सहयोग दें। रिसालू का कोई भी वात नही मानना स्वाभाविक है क्योकि कोई भी व्यक्ति, दुश्चरित्र नारी को जान-बूझ कर पत्नी के रूप मे स्वीकार करना नही चाहता।

राजा रिसालू के जीवन मे इस प्रकार की घटनाओ के घटने से नारी-जाति के प्रति उसका विश्वास उठ-सा गया था। फिर भी वह अपनी एक और विवाहिता रानी राजा भोज की राजकुमारी को भी परख लेना चाहता था। निश्चित अवधि समाप्त हो जाने पर वह अपने वायदे के अनुसार उज्जैनी नगरी पहुच गया। न मालूम इस बीच मे कितनी उलटी-सीधी कल्पनायें राजा भोज की लडकी के सबध मे की होगी। परन्तु ज्यो ही वह वहा पहुचा, उसने देखा कि अवधि के समाप्त हो जाने के कारण राजकुमारी चिता मे जल कर भस्म हो जाने को तैयार है। तव उसे विश्वास हुआ कि सभी स्त्रिया एक सी नही होती।

स्त्री या पुरुष का चरित्र सस्कारो से ही बनता और बिगड़ता है। वात की ऊपरी घटनाओ को देखने से तो नारी-जाति के प्रति अविश्वास का भाव जगता है परन्तु उनकी गहराई मे जाकर विचार करने से कथाकार का उद्देश्य यही मालूम देता है कि परिस्थितियो की छाप मनुष्य के मनोभाव पर पड़े बिना नही रहती।

सामाजिक परिस्थितियां व मान्यतायें

राजकुमारी का पानी भरने सखियो के साथ तालाब पर जाना, स्वय खाना आदि पकाना, जल-क्रीडा करने सहेलियो के साथ जाना आदि कथा मे वर्णित है। इससे पता चलता है कि आभिजात्य-वर्ग के लोगो का सीधा सम्पर्क जनता से था।

जूआ आदि खेलना और उसमे अपने प्राणो की बाजी लगा देना तथा उसके दुष्परिणामो के कारण दु खद घटनाओ का होना भी महाभारत-काल की तरह उस समय मे भी मौजूद था।

जैसा कि प्रायः राजस्थानी लोक कथाओ में मिलता है। पशु-पक्षियो को इन्सान की तरह पढा लिखा कर चतुर वताया गया है। हरिण व सुग्गे-सुग्गी राजा रिसालू के विश्वासपात्र मित्र की तरह उसका काम करते है और उसकी अनुपस्थिति मे उसके महलो की निगरानी भी रखते है। मौका आने पर स्वामि-भक्त नौकर की तरह प्राणो का मोह छोड कर अपने कर्तव्य को पूरा करते है।

अनेक प्रकार के अवतारो व उनकी सिद्धियो आदि से नायक को अचानक सहायता मिल जाने के कारण कथा मे अप्रत्याशित परिवर्तन आ गये है। गोरख-नाथ की सिद्धि तथा लघु-लाघवी विद्या के बल पर ही रिसालू बड़ी से बड़ी कठिनाइयो मे से पार होता हुआ आगे बढता है और अन्त मे महादेवजी की कृपा से वह बहुत बडी फौज का मालिक भी बन जाता है।

कई घटनाओ को घटित कराने के लिये ज्योतिष का भी सहारा ले लिया गया है।

ये सभी तत्व तत्कालीन समाज की मान्यताओ और रूढियो को हमे अवगत कराते है।

वर्णन एवं शैली

कथा मे स्थान-स्थान पर नारी-सौन्दर्य के अतिरिक्त सुन्दर प्रकृति-वर्णन भी किया गया है। प्रकृति-वर्णन प्राय पारम्पर्य रूप से ही हुआ है। परन्तु उससे वातावरण की सुन्दर सृष्टि अवश्य हो गई है। यहा वर्षा का वर्णन उल्लेखनीय है :—

"इतरा माहे वरषा काळ रो मास छै। श्रावण रो महिनो छै। तठे उतराधरा पमी (गी, गा) री चाली थकी घटा आई छै। मोर, पपीया, कोइला कहुका कीया छै। डँडरिया डरू डरू कर रह्या छै। धरती हरीयो काचू पहरण रो आस धरी छै। (पृ० ११५)

पद्याशो मे भी कुछ पद्यो मे प्रकृति के उद्दीपक रूप की सुन्दर अभिव्यजना क गई है —

"वरपा रित पावस करे नदीया प (प) लके नीर।
तिण विरीया सूकलीणीया, धणीयास्या घरचौ सीर ॥ २२६ ॥
परवाई भीणी फूरे, रीछी परवत जाय।
तिण विरीया सूकलीणीया, रहती पीव-गल लाय ॥ २२७ ॥ (पृ० ११५)

जहा तक शैली आदि का प्रश्न है, इसमे गद्य और पद्य का प्रचुर प्रयोग हुआ है, परन्तु कथा को रोचक बनाने के लिए तथा उसे गति प्रदान करने के लिए सवादात्मक शैली को प्रधानता दी गई है। कुछ एक सवाद तो बडे ही प्रभावोत्पादक बन पडे हैं जिससे लेखक के कलात्मक सृजन का अनुमान लगाया जा सकता है। पद्याशो के अन्त मे 'वे' अक्षर का प्रयोग प्रायः सर्वत्र मिलता है, जो कि शायद इसी कथा के आधार पर प्रचलित खयालो की शैली के प्रभाव के कारण है। जहा तक भाषा का प्रश्न है उस पर पजाबी का प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है।

कथा-भिन्नता

राजस्थानी भाषा मे लिपिबद्ध कथाओ के विभिन्न रूपान्तर भी प्राय मिलते हैं। मूमल, सोरठ, ऊजळी जेठवा आदि कुछ वातें राजस्थानी और गुजराती दोनो में ही प्रचलित रही हैं। राजा रिसालू की बात भी गुजराती भाषा मे भी उपलब्ध होती है जो इस ग्रन्थ के परिशिष्ट १ (क) मे प्रकाशित की गई है। दोनो की कथा-वस्तु मे तथा स्थानो आदि मे भी अन्तर है। उदाहरणार्थ कुछ एक भिन्नतायें इस प्रकार हैं —

राजस्थानी	गुजराती
१ शालिवाहन का पौत्र समस्तकुमार का पुत्र रिसालू।	१ शालिवाहन का पुत्र रिसालू।
२ राजा भोज एव राजा मान की पुत्रियो का नाम नही।	२ राजा भोज की पुत्री का नाम सामलदे और धारा नगरी के मान कछवाहा की पुत्री का नाम धारा।

३ अगरजी की नगरी का नाम नही।	३ अगरजी की नगरी का नाम विराट है।
४ अगरजी की छोटी पुत्री का नाम नही।	४ छोटी पुत्री का नाम फूलवती है।
५ राक्षस द्वारा उजाड़े गये नगर का नाम द्वारका।	५ सीघडी गांव।
६ जलाल पाटन का बादशाह हठमल।	६ हठीयो बणझारो, जाति का राजपूत, गढ गांगल का चहुवाण राजपूत, सोरठ मे नवलरक गांव बसा कर रहा।
७ योगी की पत्नी का किसी ने हरण कर लिया।	७ योगी के साथ सुन्दरी के त्रिया-चरित्र का ऐन्द्रजालिक वर्णन।
८ फूलवती का हठमल के साथ सती होना।	८ फूलवती का झरोखे से कूद कर आत्महत्या करना।
९ प्राणनाथ सुनार।	९ कुमतीओ सुनार।

परिशिष्ट १ (ख) मे प्रकाशित रिसालू के दोहो मे भी कुछ भिन्नता है।

कथा का मूल लेखक कौन रहा होगा ? इसका पता बात से नही लगता परन्तु कथा के अन्त मे आए हुए एक पद्यांश मे नर्वद नामक चारण का उल्लेख अवश्य आया है जिसने कि प्रचलित बात मे दोहे आदि जोड़ कर उसे वर्तमान रूप दिया है।

बात नागजी नागवन्ती री

कथा-साराश—

कच्छ के स्वामी जाखडे अहीर के राज्य मे दो तीन वर्ष तक निरन्तर अकाल पड़ा। जब कोई व्यवस्था वहा न बैठ सकी, तब वे वागड प्रदेश के राजा धोलवाडा के वहा पहुचे। दोनो मे अच्छी मेल-मुलाकात हो गई तथा वे दोनो पगड़ी-बदल भाई हो गये। धोलवाडा के नागजी नाम का पुत्र था। नौकर-चाकर जब चारो ओर काम मे लग जाते तब वह स्वय एक खेत की रखवाली किया करता था। उसकी भावज परमलदे उसका खाना खेत मे ही दे आया करती थी। एक बार वह जाखड़े अहीर की लडकी नागवती को भी साथ ले गई। रास्ते मे परमलदे ने नागवती से जिद्द किया कि नागजी जब स्नान करके प्रभात मे सूर्य को जल चढाते हैं तो उनके पैरो के चिन्ह कुंकुम से अकित हो जाते है। नागवती ने इस पर बडा आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि यदि ऐसी बात है तो मैं नागजी से शादी कर लूगी। बात सही निकली।

नागजी भी नागवती के सौन्दर्य को देख कर मुग्ध हो गये। उनके विवाह मे एक अडचन यह थी कि दोनो के पिता आपस मे पगडी-बदल भाई बने हुये थे। इसलिये बिना किसी को मालूम हुये उन्होने खेत मे ही विवाह कर लिया। अब वे खेत मे ही आनद से रहने लगे। परन्तु जब खेत काट लिया गया तो सभी को अपने-अपने घर वापिस जाना पडा। नागजी आम के वृक्ष के नीचे घोडे पर सवार होकर विदा होने के लिए तैयार हुए तब नागवती ने आम को साक्षी बना कर अपना प्रेम व्यक्त किया तथा प्रेम का निर्वाह करने की दोनो ने अपने हृदय मे दृढ प्रतिज्ञा की।

नागजो को चेष्टाओ को देखकर उसके पिता को सदेह हो गया। अत. वह नागजी को घर से निकलने की इजाजत तक नही देता था। विरह की व्याकुलता मे नागजो क्षीणकाय होकर बीमार रहने लगे। वैद्य बुलाये गये, परन्तु बीमारी का कुछ भी पता नही लगा। नागजी ने एक दोहे मे अपने हृदय की बात कहते हुए कीमती मूदडी उस वैद्य को दी। तब वैद्य को बात समझ में आई। उधर से नागवती ने भी अपना कीमती हार उसी वैद्य को दिया। वैद्य ने नागजी की चारपाई वहा से हटवा कर अलग कमरे मे लगवा दी जिससे नागवती मौका निकाल कर नागजी से मिल सके।

होली के दिन नागवती गैहर देखने के बहाने से गढ मे नागजी से मिलने आई, परन्तु नागजी कही दिखाई न दिये। तब एक दासी की सहायता से वह

नागजी के पास महल मे पहुची । संयोग से इन दोनो को पलग पर सोता हुआ नागजो के पिता ने देख लिया । क्रुद्ध होकर ज्योही उसने अपनी तलवार निकाली, नागवनी का पिता जाखडा अहीर भी आ पहुचा और उसने उसका हाथ पकड लिया ।

दूसरे दिन नागजी को देश-निकाला दे दिया । नागवती की सगाई हाकड़े परिहार से की हुई थी, अत. उसे फौरन आकर नागवती से शादी कर लेने की सूचना दी । रवाना होते समय नागजी अपनी भावज से मिले । तव भावज ने उमसे कहा कि तीन दिन तक वह बाहर वाले बगीचे मे ही ठहरे । उसने दोनो का मिलान कराने का वायदा भी किया । हाकडा सूचना मिलते ही फौरन आ पहुचा । दोनो तरफ विवाह की तैयारियां होने लगी । नागवतो ने जव परमलदे को मिलने के लिए बुलाया तो वह अपने साथ स्त्री के वेश मे नागजो को भी ले आई, यद्यपि सभो लोग चौकस थे कि कही वेश वदल कर नागजी यहा न आ जाय ।

नागजी किसी तरह से नागवती के पास पहुंच गये । नागवंती ने भी इन्हे पहिचान लिया और हथलेवे के बाद रात को वाग मे आकर मिलने का वायदा किया । नागजी अपने स्थान पर लौट गए और रात पडने पर वगीचे मे नाग-वती का इतजार करने लगे । हथलेवे के वाद नागवती सिर मे दर्द होने का वहाना वना कर एकान्त मे चली गई और वहा से चुपचाप वगीचे की ओर निकल पडी । नागजी काफी देर तक वडी उत्सुकता से नागवती का इन्तजार करते रहे, परन्तु जव नागवती नही पहुची तो विरह के दारुण दुख ने उन्हे कटारी खाकर चिर निन्द्रा में मो जाने को मजबूर कर दिया । अनेक विघ्न और वाधाओ को पार करतो हुई, वर्षा मे भीगती हुई नागवती जव नियत स्थान पर पहुची तो नागजी अपना दुपट्टा ओढ कर सोये हुए थे । पहले तो नागवती ने समझा कि ये रूठ कर सो गये हैं, परन्तु उसने जव नागजी को मरा हुआ पाया तो वह अत्यन्त दुखित होकर विलाप करने लगी । इतने में नागजी का पिता वहा आ पहुचा और यह सारा दृश्य देख कर जाखड़ा अहीर को भी वुलाया । बड़े ही मार्मिक और करुणाजनक परिस्थितियो मे लोकलज्जा-वश नागवती को घर लाया गया ।

प्रभात होने पर वरात रवाना हुई और ज्योही तालाव के पास पहुची तो नागजी को चिता जल रही थी । नागवती ने जब उस दृश्य को देखा तो उसका हृदय उसके वश में न रहा और वह अपने हाथ में नारियल लेकर सती होने के

लिए रथ से उतर पडी। देखते-देखते नागजी और नागवती का अग्निदेव की गोद मे चिर मिलन हो गया।

सच्चे प्रेमियो का यह करुणापूर्ण जीवन-उत्सर्ग देख कर महादेव व पार्वती तुष्टमान हुए और उन्होने उन दोनो को पुनर्जीवित कर दिया। अब दोनो आनद और उल्लास के साथ जीवन-सुख भोगने लगे।

कथा-वैशिष्ट्य

राजस्थानी प्रेम-गाथाओ मे नागजी और नागवती की प्रेम-गाथा का विशिष्ट स्थान है क्योकि इनकी प्रेम-कहानी इस प्रकार की घटनाओ के साथ गुंफित है जिसमे कि प्रेम, करुणा, सामाजिक व्यवधान और इन्सान की मजबूरी का अद्भुत सम्मिश्रण हमे देखने को मिलता है। नागजी के साथ नागवती का प्रेम, नागजी के विशिष्ट गुण के कारण परमलदे के माध्यम से होता है और नागवती अपने नैसर्गिक सौन्दर्य के कारण नागजी को पूर्ण रूप से अपने मे आसक्त कर लेती है। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि सामाजिक रीति-रिवाजो और बधनो से एकाएक ऊपर उठना उनके वश की बात नही है। इसलिए वे अपना विवाह भी चुपके से खेत मे ही कर लेते हैं। विवाह के पश्चात् वे एकान्त मे ही आनद का उपभोग करते हैं और सशय हो जाने पर समाज का मुकाबला न कर चुप्पी साध लेते हैं। दोनो पात्रो में इतना घनिष्ठ प्रेम होने के बावजूद भी उनका इस प्रकार का व्यवहार उनके हृदय की कमजोरी को ही व्यक्त करता है। लडकी और लडके के पिता दोनो ही अपनी सन्तान को प्रिय समझते हैं परन्तु यह जानते हुए भी कि नागजी और नागवती मे बहुत गहरा प्रेम है, वे समाज के भय से विचलित होकर उन्हें सहायता पहुचाने के बजाय व्यवधान ही बनते हैं। अन्त मे नागजी की मृत्यु के पश्चात् नागवती हाकडे परिहार के साथ विदा होती है तो नागजी का पिता उस पर व्यग करके नारी की दुर्बलता पर पुरुष के क्रूर पौरुष का आघात करता हुआ पुत्र-हानि से होने वाले विह्वल हृदय को आत्म-तोष प्रदान करना चाहता है। यह विडम्बना तत्कालीन समाज मे नारी और पुरुष के सम्बन्धो को व्यक्त करती है। व्यग्यात्मक दोहा इस प्रकार है —

> ऊडै पडवै पैस, पिवसु पैजा मारती।
> सु माणसीया एह, बू घै लागा घोलउत ॥ ७४ ॥ पृ० १६२

इसमे कोई सदेह नही कि सभी पात्र समाज के बधन से ऊपर उठने मे असमर्थ रहे हैं। परन्तु अन्त मे नागवती ने नागजी के साथ सती होकर अपने हृदय की कमजोरी पर ही विजय नही पाई, वरन् नागजी तक के प्रेम को उसने

चुनौती दे दी । इसी प्रकार नारी का सच्चा प्रेम पुरुष के प्रति कथा मे प्रकट किया गया है ।

कथा के अन्तिम भाग मे करुणा और प्रेम का बडा ही अद्भुत मिश्रण हुआ है और वह भी नागवती का विवाह अन्य पुरुष के साथ होने की पृष्ठभूमि मे । यद्यपि नायक और नायिका का प्रेम बडी ही भावुकतापूर्ण शैली मे व्यक्त किया गया है तथापि यह प्रेम करुणा की रागिनी से ओतप्रोत है । अत: विवाह अथवा अन्य किसी शुभ कार्य के अवसर पर इस गीत का गाना अशुभ माना जाता है । नागजी, भर्तृहरि आदि के गीत और दोहे सुन कर लोगो के हृदय मे अन्तत एक प्रकार के वैराग्य की भावना उत्पन्न हो जाती है ।

कथा मे जहा तक उस काल की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियो का प्रश्न है, ऐसा प्रतीत होता है कि दुष्काल पड़ने पर शासक-वर्ग प्रजा को सहायता पहुचाना अपना फर्ज समझता था । इतना ही नही अपितु प्रजा की भलाई के लिये वे स्वय उसके साथ दूसरे देश मे जाकर वहा के शासक से जान-पहिचान करते और अपनी प्रजा के लिये समुचित व्यवस्था करवाते थे । प्रजा और राजा का यह घनिष्ठ सबध यहा तक ही सीमित नही था, चोर लुटेरो को दलित करने के लिये उनके पुत्र स्वय जोखिम उठा कर उनका पीछा किया करते थे । धोलवाडा के राज्य का आतक उसके पुत्र स्वय नागजी ने समाप्त किया था । नागजी का स्वय खेत मे जाकर पहरा देना और उनकी भावज परमलदे का उनके लिये खाना लेकर जाना आदि इस बात को प्रमाणित करता है कि उस काल का शासक-वर्ग कितना कर्मठ और समाज के साथ घुला-मिला था ।

भाषा-शैली

कथा की भाषा का जहा तक प्रश्न है वह प्रसाद-गुणयुक्त और सरल है तथा बोलचाल की भाषा के अधिक समीप होते हुये भी उसमे साहित्यिक सौन्दर्य का अच्छा निर्वाह हुआ है । ठेट राजस्थानी के शब्दो के प्रयोग से सामाजिक वातावरण बनाने मे कथाकार को अच्छी सफलता मिली है । काव्य-सौंदर्य की दृष्टि से कुछ दोहे राजस्थानी साहित्य की अमूल्य निधि कहे जा सकते हैं क्योकि उनमें भाव-गरिमा के साथ-साथ हृदय की तडफन और व्यग्यात्मकता का सुन्दर सम्मिश्रण हुआ है । उदाहरणार्थ कुछ दोहे इस प्रकार हैं—

सज्जन दुरजन हुय जले, सयणा सीख करेह ।
घण विलपती यू कहै, आवा साख भरेह ॥ १६ ॥
नागजी नगर गयांह, मन-मेलू मिळीया नही ।
मिळीया अवर घणाह, ज्यासु मन मिळीया नही ॥ १७ ॥ पृ० १५१

सामा मिळीया सैण, सेरी मे सामा भला ।
उवे सुमीणा वैण, नहचै निरवाया नही ।। ३० ।। पृ० १५४

नागडा निरखू देस, एरड थाणौ थपीयौ ।
हसा गया विदेस, बुगला ही सू बोलणौ ।। ३७ ।। पृ०

भामण भूल न बोल, भवरो केतकीया रमैं ।
जाण मजीठां चोळ, रग न छोडे राजीयो ।। ३८ ।।

वण्यो त्रिया को वेस, आवत दीठो कुवरजी ।
जातो दुनीया देख, नाटक कर गयो नागजी ।। ४० ।। पृ० १५७

नागडा सूतो खूटी ताण, वतळाया बोलै नही ।
कदेक पडसी काम, नोहरा करस्यो नागजी ।। ५८ ।। पृ० १६०

कळ मैं को कुमार, माटी रो मेळो करै ।
चाक चढावणहार, कोई नवो निपावै नागजी ।। ७७ ।। पृ० १६२

वात मयाराम दरजी री

कथा-साराश—

आबू पर्वत पर गुरु और चेला तपस्या करते थे । गुरु का नाम गगेव ऋष और चेले का नाम चतुर रिष । तपस्या करते-करते उन्हें तीन युग व्यतीत हो गये । ऐसे तपस्वियो की सेवा-शुश्रूषा करने और ज्ञान-चर्चा सुनने इन्द्राणी स्वयं आठ अप्सराओ सहित प्रस्तुत हुआ करती थी और कलियुग मे गुरु-चेले की मसा वहा रह कर तपस्या करने की नही थी । अत उन्होने वहा से विदा लेने के पहले इन्द्राणी और अप्सराओ से वर मागने को कहा, क्योकि उनकी सेवा से वे अत्यधिक प्रसन्न थे । इन्द्राणी ऐसे पहुचे हुए ऋषि का पीछा छोडने वाली कब थी । उसने यही वर मागा कि नरपुर मे जन्म लेकर आप मुझसे विवाह करें और हम दोनो आनद का उपभोग करें । वचनो मे आबद्ध ऋपि को भाड्यावास ग्राम मे दुलहे दरजी के घर मयाराम के रूप मे जन्म लेना पडा और अलबल(र) नगर में शिवलाल कायस्थ के घर इन्द्राणी ने जसा के रूप में अवतार लिया । आठो अप्सरायें जसा के पास दासियो के रूप मे पहुच गईं ।

जब जसा पन्द्रह वर्ष की हुई तो रामबगस सुग्गे के रूप मे चेला चतुर ऋष उसके पास पहुच गया । वह वेदो का ज्ञाता तथा आगे-पीछे की जानने वाला था । शिवलाल कायस्थ सुग्गे की प्रतिभा से बहुत अभिभूत था इसलिए उसने जसा के वर ढूढने तथा विवाह करने की जिम्मेवारी भी उसी पर छोड दी और वह

स्वयं परदेश चला गया। अब विलंब किस बात का था। जसा से प्रेम-पत्र लिखवा कर वह फौरन भांडियावास मयाराम के पास पहुचा और मयाराम की स्वीकृति तथा हाथ की मूदड़ी लेकर जसां के पास लौटा।

मयाराम जसा से विवाह करने के लिये वडी सजधज के साथ अलवल (र) नगर पहुचा। बरात मे घोडो और बरातियो की साज-सज्जा देखते ही बनती थी। बधाईदार ने ज्योही जसा को जाकर बधाई दी तो उसे ५०० मोहरे मिली। मालकी दासी को जसा ने बरात के सामने भेजा, तथा साथ ही मयाराम के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए उसे पहिचानने के लक्षण बताये। फिर मालकी मयाराम के पास पहुच कर उसे तोरण पर लाती है। उसके स्वागत मे कोई ५०० वेश्यायें, भगतणें व ढोलनियें गाती हुई उसका स्वागत करती हैं। मयाराम का ठाट-बाट उस समय इन्द्र से कम प्रतीत नही होता है। उसका रूप तो कामदेव को भी मात करता है। सभी सखियो ने मयाराम के सौन्दर्य और साज-सज्जा की मुक्त-कंठ से प्रशसा की। बडे ही ठाट-बाट के साथ विवाह-सस्कार सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन जसा जब मयाराम के डेरे की ओर चली तो मदमस्त हाथी की सी चाल और उसके शृगार की अनुपम छवि लोग देखते ही रह गये। आधी रात होने पर दोनो रति-क्रीडा का आनद लेने लगे। बीच-बीच मे दासियां ठिठोली करने लगी।

दूसरे दिन जब मयाराम वहा से प्रस्थान करने का विचार करने लगे तो जसा के लिए मयाराम का विछोह असह्य हो गया। इतने सुन्दर वर को वह आसानी से किस प्रकार जाने देती। उसने अपनी दासियो की सहायता से शराब के प्यालो की मनुहार ही मनुहार मे युवक वर को मदमस्त बना कर उसका जाना स्थगित करवा दिया, फिर भला वर्षा ऋतु मे जाना सभव कैसे हो, क्यो कि सामने ही सावण को तीज भी तो आ रही थी, जिसका ललित चित्र मयाराम के सामने जसा ने प्रस्तुत कर आनन्द का उपभोग और अनुकूल मौसम का लोभ देकर उसे भरमा लिया। शराब की मनुहारें निरतर चलती रही।

प्रेम की इन मदमस्त घडियो मे जब लज्जा और सकोच का निवारण हो गया तो बातो ही बातो मे अपने-अपने देश की बडाई करते समय दूल्हे-दुल्हन मे खटपट हो गई। मयाराम यह कह कर कि ऐसी कई सुंदरिया मुझे उपलब्ध हो सकती हैं, वहा से विदा लेने को तैयार हुआ तब परिस्थिति को बिगडते हुए देख कर मालू दासी ने जसा के राशि-राशि सौन्दर्य का वर्णन कलात्मक ढग से करते हुए 'ऐसी सुन्दरी को त्यागना बुद्धिमानी नही है' कहकर प्रेमी युग्म को

पुन भावात्मक सहजता के सूत्र मे बाधा। जसा ने भी गुस्से ही गुस्से मे कटु वचन कहने के लिए क्षमा मागी ।

कथा-वैशिष्ट्य

युद्धवीरो, दानवीरो और धर्मवीरो को लेकर यहा के कवियों ने पुष्कल परिमाण मे साहित्य-सृजन किया है। इन प्रमुख विषयो के अतिरिक्त कुछ चारण कवियो ने सभ्रान्त परिवार के नायको को छोड कर साधारण व्यक्तियो का नाम अमर करने की मनोकामना से भी साहित्य-निर्माण किया है। ये व्यक्ति किसी न किसी कारण से कवियो के कृपापात्र बन गये थे और उनको सेवाओ का पुरस्कार उन्होने उन्हे सबाधित कर साहित्य रचना के द्वारा किया है । राजिया, किसनिया, ईलिया, चकरिया आदि को सबोधित करके की गई रचनाओ के पीछे इसी प्रकार की कुछ बाते हैं। उन्नीसवी शताब्दी से इस प्रकार की रचनाओ के निर्माण की परम्परा विशेष रूप से राजस्थानी-काव्य मे गतिशील दिखाई देती है ।

मयाराम दरजी की वात भी इसी कोटि की रचना है। ऐसी किंवदन्ती प्रसिद्ध है कि भाडियावास (मारवाड) के प्रसिद्ध कवि मोडजी आसिया जब एक बार लबे अर्से तक बीमार रहे तब उन्ही के गाव के दर्जी मयाराम ने उनकी बडी सेवा की थी। अत कवि ने प्रसन्न होकर इस वात की रचना उसे नायक बना कर की।

जहा तक बात की कथावस्तु का सबध है उसमें दैविक अवतार से कथा प्रारभ होकर नायक-नायिका के उद्दाम यौवन मे झूलती हुई काम-क्रीडा और प्रेमी-युग्म की अनेकानेक चेष्टाओ को व्यक्त करती हुई समाप्त होती है। कथा मे जहा एक ओर अत्युक्तिपूर्ण वर्णनो का आधिक्य है, वहा कामुकता और नग्न शृगार का भी कवि ने बड़ी उदारता के साथ रस लेकर वर्णन किया है ।

राजस्थानी मे प्रेमपाती लिखने की विशेष परम्परा रही है। प्राय प्रेयसी भावुकतापूर्ण अलकृत शैली मे अपने प्रिय को अनेक प्रकार की उपमाओ से विभूषित करती हुई उसे पत्र लिखती है । इस बात में भी रामबगस सुग्गे के साथ जसा अपने प्रिय मयाराम को पत्र लिखती है, जिसमें जसा के प्रेम-प्रदर्शन के साथ-साथ राजस्थानी सस्कृति के भी दर्शन होते हैं ।

'सिध श्री भाडोयावास वाली वाट मुहगी दसै, आतम का आधार मयाराम जी वसै, अलवल (र) थी लषावतुं जसांकी मुझरो अवधारसी । रामबगस राज नषै आयो छै, जीको कुरब वधारसी। अठा लायक काम बिंदगी लषावसी ।

अठी दसाकी आप गाढी षुसीया रखावसी। षान-पानकौ, पिडाकौ जाबतौ रषावसी। जावतो तो वलदेवजी करसी पण तावादार तो लषावसी। भरोसादार भला मनष जीव-जोग साथे लीजो। इद्र राजाकी तरैका वीद राजा (हो) वीजो। आपकी वाट भाळां छा। औ दवस कदीया ऊगै, जसीकौ भाग जागै, अलवल (र) आप आय पूगै।'[1]

मोडजी आसिया वाकीदासजी के वशजो में प्रसिद्ध कवि हो गये हैं जिनकी रचना पावू प्रकाश विख्यात है। उन्होने इस कथा के निर्माण में कुछ स्थलो पर अपनी विद्वत्ता और भाषा की विस्तृत जानकारी का सुन्दर परिचय दिया है। वास्तव मे ये स्थल ही कथा को साहित्यक महत्व प्रदान करते हैं। दो स्थल इस दृष्टि से यहा उल्लेखनीय है :—

घोड़ो का वर्णन—

'पवन का परवाह 'गुलाव की मूठ' सघराजकौ गोटकौ, तारेकी तूट। आतसकौ भभकौ, चक्रीकी चाल, चपलाको चमकौ, चातीका ढाल। सीचाणै की झडप, हीडैकी लूव, षगराजका वच, षेतुमे पूव ऐहड़ा-ऐहडा पांच हजार घोडा सोनैरी साकता सज कीधा।'[2]

जसां का सौन्दर्य-वर्णन —

'जसीया कसोयक छै आपने भी उधारे जसीयक छै। पतीयासीको कमल, गगासी विमळ। भूभलीया नैणाकी, अमरतसा वैणाकी। ममोलौ, वादलाकी, वीज, होलीकी झाळ, सामणकी तीज। केळकौ गरभ, सोनेको षभ, सीळकी सती, रूपकी रभ। ताठौ मरग, मगराकी मोर, पाबासर को हस, मनकी चौर। जीवकी जडी, होयाको हार, अमीकौ ठाहो, रूपको अवतार। काजालीकी साठी, गूजालीको भळको, गैलाको कवाण, हीडाकौ कलकौ। मुगलरौ मीमचौ, वषायतरो झालौ, सघरौ गाटको प्रेमरौ प्यालौ। सोलैमो सोनो, राजहसरो वचौ, बावनौ चदण, रेसमरौ गचौ। करतीयारौ झूबकौ, मोतीयारी लूब, हीरारो लछो, सरगरी झूंब। सनेहरी पालपी, हेतरौ थाणौ, नैणारौ नरषणौ, प्रेमरौ कमठाणौ। सरदरी पूनमरो चद, आसाढरो भाण, जसोयाकी तारीफ, वुधैका वाषाण। मदवीको मछोळौ, हाथको हाल, तीजणीयाकौ तुररौ, रूपकी ससाल। काषको लाडू, मोतीयाको गजरो, जलालीयाको धको, जसीया को मुजरौ। कलपव्रच(छ) री डाळ, पारसरौ टोळ, मेहरो महर, दरीयावरी छौल। तावड़ैरी छांह, अधारैरो

---

[1] पृ० १६६

[2] पृ० १६७

दीयो, सीयाळारो ताप, जका जसा घणा जुग जीवौ । हरषरौ हींडौ, उदेगरी भेट, जीवरो जतन, इन्द्ररी भेट । किस्तूरीरो माफो, केसररी क्यारी, रूपरो रूषडो, रच(स) ना हीनारो । भमरारो भणणाट, डीलारी दोली, दीपमाळारा दीर, भाषररी होळी । गुलाल सही गढौ, आषारी पाणी, हीरारो हार । ग्रहणाको भल-लाटौ, तजको अबार, जसीयाको जीवणो वा ससार की सार । दातारो पांणी, कडीयारो केहरो, हालरो हस, भू आरी भमर, कुरजरी नस । अलकांरी नागण, पलकारो कुरग, कठारी कोयल, सोनेरी अग । अणीयाळां नैणामे काजळकी रेषा, अमरतरा ठासा चदामे पेषौ । सीदूर की बीदो भालूमे भळकै, काळोसो काठळमे चदो कन चळकै । असोभता ऊतारे, सोभता धारे । वाल वाल मोताहल पोया, जाणे नवलाष नषत्र एकठा होया । वाजणा जाभर पैराया, घूघराका सुर गैरीया । अण भातकी जसीया, जकाकू चो(छो)डो चौ(छो) रसीया । माणोनी म्याराम जी, थानै दीनी छै रामजी । लो नी लाडीका लावा, पीचै (छै) करसो पच(छ) तावा । जावणकी वाता जाणा छा, मतवाळी कू नही माणा छां । वरसाळाका वादळ ज्यूं ढाळका जल ज्यू, भाषरका पाणी ज्यू, वाटका वाणो ज्यूं, चे(छे)ह मती चा (छा) डौ, थोडो सो मन करौ गाडौ । भाली वागा पडौ, थोडा रहौ भलीया । पिण थामै किसो दोस, था कै सगी पलीया ।"[1]

वहुत ही साधारण स्थिति के नायक को लेकर लेखक ने इसे ऋषि का अवतार और जसा को इद्राणी का अवतार वताया है तथा उनकी साज-सज्जा और ऐश्वर्य का वर्णन भी बहुत ऊचे दर्जे का चित्रित किया है, जिससे उसका अत्युक्तिपूर्ण वर्णन उस समय के साहित्यकारो को भाया नही, इसलिए वात की सुन्दरता को स्वीकार करते हुए भी नायक के औचित्य का किसी कवि ने व्यग्या-त्मक ढग से उपहास किया है .—

दर्जी कौडी दोढ रो, वणी लाख री वात ।
हाथी री पाखर हुती, दी गधे पर घात ।।

राजा चद प्रेमलालछी री वात

कथा-सारांश—

राजपुर गाव मे रुद्रदेव नामक एक राजपूत रहता था । उसके दो औरतें थी दोनो ही मत्रसिद्धि मे निष्णात थी, परन्तु पति इससे अनभिज्ञ था । एक बार जब दोनो औरतें पानी भरने जाने लगी तो छोटी ने रुद्रदेव से कहा—मेरा लडका पालने मे सो रहा है सो तुम उसका ख्याल रखना । बडी बहू ने कहा—

---

[1] पृ० १८२

गायों के आने का समय हो गया है। बछडा कही चूग न जाय, इसका तुम ध्यान रखना। थोडी देर मे बच्चा रोने लगा तो रुद्रदेव ने बच्चे को खिलाना शुरू किया किन्तु इतने मे गायें आ गई। अत बच्चे को पालने मे छोड़ कर बछड़े को वाधने लगा। उसी समय दोनो बहुवें पानी भर कर आ गई। छोटी बहू ने देखा कि वच्चा पालने मे रो रहा है, और वह वडी के काम मे संलग्न है। ईर्ष्या के वशीभूत उसने ऐसे पति को मार देने का निश्चय कर अपनी इंढुरी उसकी ओर फेकी जिससे वह साप बन कर रुद्रदेव को डसने के लिये भागा। वडी बहू यह देखते ही सारी बात भाप गई। उसने अपने हाथ की लोटी साप पर फैंकी, सो लोटी नौलिया बन गई और उसने साप को मार डाला।

यह देख कर भोला राजपूत वडा भयभीत हुआ और मन ही मन वहां से निकल भागने की तरकीब सोचने लगा। औरते इससे ज्यादा होशियार थी, इसलिए उन्होंने आपस मे विचार किया–अब यह अपने कब्जे मे रहने वाला नही है इसलिये इसे गधा बना कर रखा जाय। रुद्रदेव अपनी स्त्रियो से पिंड छुडाने के लिये विदेश मे कमाई के लिये जाने को उनसे कहता, किन्तु वे नही मानती। अन्त मे उन्होने प्रसन्न होकर, भाता साथ मे देकर सीख दी। रुद्रदेव मन ही मन बडा खुश हुआ और वडी तेजी के साथ वहा से चला। करीब दस कोस पर पहुचा तो उसे एक तालाब दिखाई दिया। वहा हाथ-मुह धोकर कलेवा करने का विचार कर ही रहा था कि इतने मे एक ढोली वहा आ पहुचा और उसकी याचना पर अपने कलेवे मे से एक लड्डू उस ढोली को दे दिया। ढोली बहुत भूखा था, इसलिये फौरन ही वह लड्डू खा गया। लड्डू खाते ही वह गधे के रूप मे परिवर्तित हो गया और तत्काल रेंकता हुआ उलटे पैरो रुद्रदेव के घर जा पहुचा। इधर जव रुद्रदेव ने यह करामात देखी तो स्त्रिया कही पीछे न आ पहुचे, इस भाव से आतकित तीनो लड्डू जल मे फैंक कर, वह भाग खड़ा हुआ।

स्त्रियो ने जव गधे को पुरुष वनाया तो वह ढोली निकला। अपनी योजना की विफलता ज्यो ही उनके समझ मे आई वे घोडिया वन कर वहां से रुद्रदेव के पीछे भागी। रुद्रदेव देवगढ नगर मे पहुचा ही था कि दोनो घोडियें उसके समीप आ पहुची। जान वचाने के लिये वह वेचारा एक अहीरन के घर जा पहुचा। पहले तो अहीरन ने उसे डाटा, परन्तु जव उसने सारी वात सच-सच वताई तो अहीरन बड़ी प्रसन्न हुई और उसने रुद्रदेव से वचन मागा कि वह उसके घर मे रहेगा। रुद्रदेव ने स्वीकार किया। अहीरन नाहरी वन कर घोडियो पर झपटी और उन्हें वहुत दूर तक भगा दिया।

रुद्रदेव ने देखा कि छोटी आफत से छुटकारा पाने के लिये बड़ी आफत मे आ फसे। वह किसी प्रकार रात को वहा से भी भाग निकला और चदराजा की आभोनगरी मे आ पहुचा। वहा राजा की लडकी का स्वयवर था। कौतूहलवश वह भी वहा जा पहुचा। सयोग से राजा की लडकी ने वरमाला इसके गले मे डाल दी। आनन्द और विलास के साथ वह राजमहलो मे रहने लगा। इतना हो जाने पर भी दोनो स्त्रियो ने उसका पीछा नही छोडा। वे चीले बन कर वहा आ पहुची और एक दिन रुद्रदेव जब झरोखे मे बैठा था तो उसकी आखे नोचने के लिये वे उस पर झपटी। रुद्रदेव भयभीत होकर महल के अन्दर लुढक गया। राजकुमारी ने एकाएक इस प्रकार की घबराहट हो जाने का कारण पूछा। पहले तो रुद्रदेव बात छिपाता रहा, परन्तु राजकुमारी के अत्यधिक आग्रह पर उसने सारी बात कह दी। राजकुमारी ने इसका निदान फौरन निकाल लिया। उसने अपने नूपुर उतार कर मत्र पढा और उन्हे झरोखे मे से ऊपर फेका तो नूपुरो ने बाज का रूप धारण कर दोनो चीलो को मार डाला।

रुद्रदेव ने देखा कि इस माया का कही अन्त नही है। ये औरतें मेरी जान लेकर छोडेंगी। अत बेचारा अपनी जान बचाने के लिये वहाँ से भी रात को भागा। चद राजा को जब दामाद के चले जाने की खबर मिली तो उसने फौरन सिपाही पीछे भेजे। सिपाहियो से जब रुद्रदेव वापिस नही लौटा तो राजा चद स्वय मनाने के लिये पहुचे और इस प्रकार बिना सीख लिये ही रवाना होने का कारण पूछा। रुद्रदेव बेचारा क्या कहता ? परन्तु राजा ने जब अधिक हठ किया तो उसने सारी बात कह सुनाई। इस पर राजा चद ने कहा—'जब तक हमारे दिन अच्छे है, तब तक हमारा कोई कुछ नही बिगाड सकता, और फिर बीती बात कहने लगा—

"मेरी माता और पटरानी प्रभावती इसी प्रकार की मत्र-विद्या मे प्रवीण थी। वे अपनी विद्या के बल पर मुझे अघोर निद्रा मे सुला कर रात्रि को गिरनार के राजा के पास क्रीडा करने के लिये पहुच जाया करती थी। एक बार मुझे सशय हुआ, तो जिस वट-वृक्ष पर बैठ कर वे जाया करती थी, उस वट-वृक्ष की खोह मे पहले से ही मैं छिप गया और उनके साथ गिरनार जा पहुचा तथा वहा के रग-ढग देख कर बडा आश्चर्य-चकित हुआ। कुछ दिन बाद ही गिरनार के राजा की लड़की प्रेमलालछी का विवाह होने वाला था। उसमे इन दोनो को भी आमन्त्रित किया गया था। अत विवाह की रात को मैं इनके साथ गिरनार पहुचा। बरात बडी साज-सज्जा से आई थी। किन्तु दूल्हा बडा कुरूप था। अतः उन्होने यह युक्ति निकाली कि

दूसरे किसी खुबसूरत आदमी को फिलहाल दूल्हा वना कर भेज दिया जाय और शादी के वाद मे लडकी को अपने हो ले जायेंगे । सयोग से दूल्हा बनने के लिये मैं ही उन्हे मिला । जब मैं तोरण पर पहुचा तो मेरी पटरानी ने मुझे पहचान लिया ।

मैंने शादी के समय तावूल से दुलहन की चूनड़ी पर यह दूहा लिखा—

अमो नगरी चद राजा, गिर नगरो प्रेमलालछी ।
संजोगे-सजोग परणिया, मेळो दैव रे हाथ ।।

वहा से मैं उसी रात अपनी नगरी तो पहुच गया परन्तु सास-बहू ने मिल कर मुझे सुग्गा वना दिया । दिन भर पिंजरे मे बद रहता और रात को पुनः चद वन जाता ।

उधर कुरूप पतिदेव प्रेमलालछी के रगमहलो में सुहाग-रात मनाने पहुचे तो उनकी वडी दुर्गति हुई । वरात विना दुलहिन के वापिस पहुची । प्रेमलालछी वड़ी दुःखित रहने लगी । परन्तु जब एक वर्ष बाद सावण की तीज के दिन उसने अपने विवाह के कपड़े पहने तो चूनडी की कोर पर लिखा हुआ दोहा उसके ध्यान में आया । उसने सारी बात का अनुमान लगाकर अपने पिता से सहायता ली और मेरी नगरी में आ पहुची । उसकी चतुर दासियो ने अपनी जासूसी के द्वारा मेरा हाल-चाल मालूम कर लिया और एक दिन दावत के वहाने जव वह स्वय महलो को देखने ऊपर पहुची तो उसकी एक चतुर दासी ने मेरे पिंजरे के स्थान पर तोते सहित दूसरा पिंजरा आले मे रख दिया और मुझे वहा से मुक्ति दिलाई । सास-बहू ने शाम को जब सुग्गे को सभाला तो सुग्गा दूसरा था । अत वे चीलें वनकर मेरी आंखें फोड़ने को डेरे पर आई, उस समय मैंने तीर से उन दोनो को मार गिराया ।"

अपना अनुभव सुनाने के बाद चद ने रुद्रदेव से कहा कि त्रिया-चरित्र का कोई पार नही होता है परन्तु मैंने तुमको प्रेमलालछी की पुत्री व्याही है । वह तुम्हारा कभी बुरा नही चाहेगी । इसलिये तुम आश्वस्त रहो ।

कथा-वैशिष्ट्य—

इस वात की कथा-वस्तु पूर्णत त्रिया-चरित्र पर ही आधारित है । छोटी-सी वात में अनेक स्त्रियो के चरित्र का उल्लेख हुआ है । राजा रिसालू की वात में भी स्त्रियो के कुटिल चरित्रो पर प्रकाश डाला गया है । परन्तु इन दोनो कथाओ के निर्माण व घटनाक्रम में वडा अन्तर है । रिसालू की वार्ता में प्रत्येक

नारी-पात्र के जीवन की पृष्ठभूमि बांधने का प्रयत्न किया गया है जिससे उन नारी-पात्रो के चरित्र मे उत्पन्न होने वाले यौन-विकारो का मनोवैज्ञानिक अध्ययन किसी हद तक सभव हो सकता है। इस कहानी मे जादू-टोने व मत्र-सिद्धियो के आधार पर अनहोनी घटनाओ को घटित कराते हुये नारी की यौन-पिपासा के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली अनेकानेक घटनाये वर्णित हैं। जादू-टोने का सहारा लेने के कारण कथा में किसी भी नारी-पात्र का चारित्रिक विकास नही हो पाया हैं, जिससे कहानी केवल काल्पनिक स्तर पर ही न रह कर तिलस्मी बन गई है।

इस कहानी को पढने से सामाजिक तथ्यो की ओर हमारा ध्यान अवश्य ही आकर्षित होता है। कथाकार ने रुद्रदेव जैसे साधारण नायक से बात प्रारभ कर के चद राजा और उसके परिवार पर कथा को समाप्त किया है। अतः निम्न स्तर के समाज से लेकर राज्य-परिवार तक में व्याप्त दुष्चरित्रता तथा यौन-कुण्ठाओ पर करारा व्यग हमे देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त यह बताया गया है कि एक ओर नारी को स्वयवर के माध्यम से अपना पति चुनने का पूर्ण अधिकार है तो वहा किसी सुन्दरी को छल के साथ प्राप्त करने के लिए असली दूल्हे के स्थान पर दूसरे दूल्हे को तोरण पर भेज दिया जाता है क्यो कि असली दूल्हा कुरूप था। इस प्रकार जहा एक ओर नारी की बडी दीन स्थिति बताई गई है, वहा दूसरी ओर पुरुष उसके सामने बडा निरीह चित्रित किया गया है। क्यो कि वे अपनी चतुराई तथा काम-पिपासा में उन्मत्त पुरुषो के विभ्रम के कारण उन पर शासन ही नही करती अपितु उनको मूर्ख और अपनी लालसाओ का खिलौना तक बना देती हैं।

लेखक ने जहा एक ओर दुष्चरित्रता का पूरा वर्णन किया है वहा दन्तकथा की मुख्य नायिका प्रेमलालछी के चरित्र को निष्कलक बताया है तथा उसकी चतुराई का भी बडा बखान किया है।

कथाकार ने मनुष्य के भाग्य को सर्वत्र प्रधानता दी हैं परन्तु दुष्चरित्रता मे लिप्त पात्रो का अन्त भी बुरा बताया है। अत कथा का वास्तविक उद्देश्य दुष्चरित्रता के दुष्परिणामो की ओर इगित करना कहा जा सकता है।

भाषा-शैली—

पूरी कथा गद्य के माध्यम से ही कही गई है जिसमे केवल एक दोहे का प्रयोग मिलता है। जहा तक कथा की भाषा का प्रश्न है वहा सरल, प्रसाद-गुण-

युक्त बोल-चाल की भाषा है। स्थान-स्थान पर अरबी व फारसी के शब्दो का प्रयोग भी मिलता है। कथा की शैली मे सबसे बड़ी खूबी राजस्थानी के ठेट मुहावरो का सफल प्रयोग है। अत. कुछ मुहावरे यहा द्रष्टव्य है –

"भलो नही आपने, तिको दीजे काळा साप ने।
एस साख पतळी हुई ने घर माहे उडो तेह नही।
जाडी जीमतां पतली जीमस्यां।
चौपडी जीमता लूखी जीमस्या।
वोहर पालू।
वात धुरा मूल सू कही।
मोसू लाल पाल करणो।
जीमण सू देखणो भलो।
बुरो चाहे तो भलो होवे नही।

उपसंहार

प्रस्तुत सग्रह की पांचो वाते मूलत प्रेमविषयक होते हुए भी अनेक प्रकार की विभिन्नतायें लिए हुए हैं। अत न केवल साहित्यिक दृष्टि से अपितु समाज-शास्त्र व भाषाविज्ञान की दृष्टि से भी इनका बडा महत्व है।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर के मान्य अधिकारी-गण इस प्रकार के साहित्य-सग्रह प्रकाशित कर राजस्थानी-साहित्य की अमूल्य निधियो को प्रकाश मे लाने का प्रशसनीय कार्य कर रहे हैं उसके लिये वे बधाई के पात्र हैं।

मेरे प्रिय मित्र श्रीलक्ष्मीनारायणजी गोस्वामी ने इन कथाओ को सपादित करने में बडा श्रम किया है। अनेक प्रतियो के पाठान्तर तथा विस्तृत परिशिष्ट दे कर पुस्तक को साधारण पाठक व विद्वद्वर्ग, दोनो के लिए उपयोगी बना दिया है। उनकी इस साहित्य-साधना के लिये बधाई तथा मुझे इस पुस्तक की भूमिका लिखने का अवसर प्रदान करने के लिये धन्यवाद।

नारायणसिंह भाटी
सचालक
राजस्थानी शोध सस्थान, जोधपुर

जोधपुर
वसत पचमी, १९६५

सम्पादकीय

आज जिस प्रान्त को राजस्थान कहा जाता है उसका यह नामकरण अधिक प्राचीन नही है । बहुत प्राचीन काल मे इस भूभाग के नाम मरुप्रदेश, मरुभूमि तथा मरुस्थल आदि मिलते हैं जिसका आशय मुख्यतया वर्तमान पश्चिमी राजस्थान की मरुभूमि से ही रहा होगा । वैसे राजस्थान शब्द प्राचीन ख्यातो व वातो आदि मे प्रयुक्त हुआ है परन्तु उसका अर्थ वहाँ राजधानी अथवा किसी राजा के आधिपत्य के दस्तूर आदि से है । सस्कृत-व्युत्पत्ति 'राज्ञ स्थानम्' से भी यही अर्थ प्रकट होता है । 'यथा नाम तथा गुण.' के अनुसार सस्कृत की विशेष व्युत्पत्ति इस नामकरण के औचित्य को और भी बढा देती है —'राजन्ते शौर्यौदार्यादिगुणैर्देदीप्यन्ते ये (नराः)ते राजानस्तेषा स्थान - आवासभूमि राजस्थानम् ।' अर्थात् जो मनुष्य शौर्य-औदार्यादि गुणो से सर्वाधिक सुशोभित हो, उन मनुष्यो के रहने का स्थान 'राजस्थान' है । प्रान्त के वर्तमान नामकरण के रूप मे सभवत इस शब्द का प्रयोग सबसे पहिले प्रख्यात इतिहासकार कर्नल टॉड ने किया है जैसा कि उसकी पुस्तक 'एनल्स एण्ड एन्टिक्विटीज् ऑफ राजस्थान' से प्रकट होता है । जब कि इससे पूर्व यहाँ की रियासतो के समूह के लिए 'राजपूताना' शब्द प्रचलित रहा है क्यो कि अग्रेजो के ऐतिहासिक वृत्तान्तो मे यहाँ की रियासतो के लिये 'राजपूताना स्टेट्स' जैसे प्रयोग मिलते हैं ।

यहाँ की रियासतो और इस भूभाग के लिए राजस्थान शब्द कब से प्रयोग मे आने लगा, यह इतना महत्त्वपूर्ण नही है जितना कि भारतवर्ष के इस भूखण्ड मे आर्यसस्कृति को जो सास्कृतिक और साहित्यिक देन इस प्रात ने अपने नाम के अनुरूप दी है, उसका है । राजस्थान वीरों का देश कहा गया है । यहाँ के निवासियो ने शताब्दियो से विदेशियो और विधर्मियो का सामना हर कीमत पर करना अपना धर्म और अन्तिम ध्येय समझा है । इतिहास साक्षी है कि धर्म और धरती के लिये जितना वलिदान यहाँ के वीरो ने किया है, वह भारत के इतिहास मे ही नही अपि तु विश्व के इतिहास मे अप्रतिम है ।

वलिदान और तप से ओत-प्रोत यहाँ का इतिहास राजस्थान शब्द की पृष्ठ-भूमि मे होने से राजस्थान शब्द के साथ 'वीर' शब्द का सान्निध्य सहज ही हो जाता है । भारतीय सस्कृति मे वीरो का असाधारण महत्व समझकर उनका गुण-

गान अनेक रूपो मे हुआ है। वैसे वीर शब्द का उल्लेख अतिप्राचीन काल मे ऋग्वेदसहिता (१ १८ ४; १ १४४ ८; ४.२९.२, ५ २० ४; ५ ६१ ५), अथर्ववेद (२ २६ ४ ; ३ ५ ८), आश्वलायनादि - श्रौतसूत्र, पञ्चविंशब्राह्मण (१९ १.४), बृहदारण्यकोपनिषद् (५ १३ १ ; ६.४.२८), छादोग्योपनिषद् (३ १३.६), शरभोपनिषद् (११), नीलरुद्रोपनिषद् (२३), नृसिहपूर्वतापिनी (२.३; २ ४), नृसिहोत्तरतापिन्युपनिषद् (२,४,५;६) आदि मे तेज, पराक्रम और शौर्यादि अर्थों मे मिलता है। इससे हमारी सस्कृति मे वीरो की विशिष्ट परम्परा ही लक्षित नही होती अपि तु सस्कृत-साहित्य मे आदर्श नायक के गुणो मे वीरत्व एक अनिवार्य गुण के रूप मे कवियो द्वारा अपनाया गया है।

राजस्थान के इतिहास मे युद्धो की अधिकता के कारण सहस्रो युद्धवीरो का उल्लेख हमे अनेक रूपो मे मिलता है परन्तु युद्धवीरो के अतिरिक्त धर्मवीरो, दानवीरो और दयावीरो की भी यहाँ कमी नही रही। वस्तुत युद्धवीर के उदात्त चरित्र के साथ अन्य वीरात्मक भावनाओ का गुंफन भी किसी न किसी रूप मे हमे दृष्टिगोचर हो ही जाता है। वैसे उत्साह को वीररस का स्थायीभाव रसशास्त्रियो ने माना ही है परन्तु त्याग और सयम की जो गरिमा चारो प्रकार के वीरो मे देखने को मिलती है वह भी इन वीरो के दृष्टिकोण की एकता को ही प्रतिपादित करती है। अत. इन वीरो ने हमारी संस्कृति और धर्म को जो महत्त्वपूर्ण देन दी है उसका न केवल यशोगान ही अपि तु दार्शनिक लेखा-जोखा भी राजस्थानी साहित्य मे अनेक रूपो मे मिलता है। पद्यात्मक शैली मे इन विषयो को लेकर, सैकडो कवियो ने जहाँ अनेको महाकाव्य, खण्डकाव्य, मुक्तक-काव्य लिखकर अमरत्व प्राप्त किया है वहाँ राजस्थानी-भाषा की विशाल गद्य-परम्परा मे वातो, ख्यातो, वचनिकाओ मे इस प्रकार की घटनायें भी अनेक प्रसगो को लेकर वर्णित की हैं। साहित्यिक दृष्टि से यह वात-साहित्य अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

'वात' शब्द वार्ता का अपभ्र श रूप है। भारतीय वाङ्मय मे वार्ता का प्रयोग ठेठ सीतोपनिषद् (३१), सामरहस्योपनिषद् (२५०,११), आश्रमोपनिषद् (२), आदि मे उपलब्ध होता है। प्रतीत होता है कि इससे पहले वार्त्ता के लिये 'कथा' शब्द ही प्रचलित रहा है क्यो कि 'ऐतरेय-ब्राह्मण (५ ३ ३), जैमिनीय-ब्राह्मण (६), जैमिनीयोपनिषद्ब्राह्मण (४ ६ १ २), विष्णुधर्मसूत्र (२० २५) आश्वलायन-गृह्यसूत्र (४ ६ ६), छान्दोग्योपनिषद् (१ ८ १), नारदपरिव्राजकोपनिषद् (४.३), आदि मे इस शब्द का प्रयोग वार्त्ता के अर्थ मे मिलता है।

वार्त्ता का चाहे जो रूप प्राचीन वाङ्मय मे रहा हो किन्तु राजस्थानी-साहित्य मे यह शब्द विशेष अलकृत और सुव्यवस्थित साहित्यिक शैली मे लिखी

गई कहानियो के लिए वात के रूप मे प्रचलित रहा है और इस साहित्य का अपना विशिष्ट स्थान भी है। यहाँ की ऐतिहासिक व सामाजिक परिस्थितियो के अनुरूप प्राचीन राजस्थानी का अधिकाश साहित्य वीररसात्मक है परन्तु अन्य रसो के साहित्य की भी इसमे कमी नही है। यदि हम वातो को ही लें तो वीर-चरित्रो को लेकर लिखी गई वातो के अतिरिक्त शृगार, भक्ति, धर्म, नीति और उपदेश आदि विविध विषयो को लेकर अनेक कथाओ का निर्माण हुआ हैं। यहाँ की वीरगाथाओ और कहानियो ने द्विजेन्द्रलाल राय तथा रवीन्द्र-नाथ ठक्कुर जैसे महान् साहित्यकारो को भी प्रभावित किया है तथा उनका महत्व सर्वविदित है ही। परन्तु शृगारात्मक वातो की जो विशिष्ट देन यहाँ के साहित्य को है उस ओर अद्यावधि अन्य प्रातो के साहित्यकारो का ध्यान बहुत कम आक-र्षित हो पाया है। अत इस बहुमूल्य साहित्य का परिचय साहित्यानुरागियो को देने की दृष्टि से ही प्रस्तुत पुस्तक मे ५ वातो का सकलन किया गया है।

पाचो ही वातें प्रेमविषयक है, परन्तु प्रेमसम्बन्धी कथाओ मे भी जो वैशिष्टय यहाँ देखने को मिलता है उसको ध्यान में रख कर वे विविध प्रकार की प्रतिनिधि प्रेमकथाए यहाँ प्रस्तुत की गई है जिनमे कही स्वकीया नायिका का निश्छल प्रेम है तो कही परकीया की कामातुरता, कही नारी के कुटिल चरित्र की अनेकरूपता है तो कही नारी व पुरुष की काम-भावनाओ का गूढ चित्रण यहाँ की सामाजिक पृष्ठभूमि मे देखने को मिलता है।

नागजी - नागवन्ती की वात मे जहाँ पुरुष और नारी का एकनिष्ठ प्रेम मार्मिकता के साथ चित्रित है वहाँ बगसीराम और हीरा की वात मे अनमेल विवाह पर करारा व्यग्य है। मयाराम दर्जी की बात मे जहाँ पूर्व सस्कारो को मान्यता देते हुए अतिशयोक्तिपूर्ण शृगार का वर्णन है तो रिसालू री वात मे राजा रिसालू जैसे ऐतिहासिक व्यक्ति के साथ नारी के विभिन्न रूपो और यौन-सम्बन्धो का अजीव चित्रण है। प्रेमलालछी की वात मे नारी के कुटिल-चरित्रो का सूक्ष्म दिग्दर्शन ही नही अपि तु पुरुष की काम-पिपासा को नारी-सौन्दर्य द्वारा तृप्त करने के विकल्प भी वर्णित हैं। इन सभी कथाओ मे एक ओर नारीपात्रो की सुन्दरता और चतुराई दिखाई गई है तो दूसरी ओर पुरुष की विवशता तथा सामाजिक मान्यताओ एव रीति-नीति पर भी अच्छा प्रकाश डाला गया है। इस प्रकार की प्रेमकथाओ का सर्वाङ्गीण अध्ययन तो तभी सभव है जब कि हस्तलिखित ग्रन्थो मे विखरी हुई सामग्री सुसम्पादित होकर प्रकाश मे आ जाती है। परन्तु, इन कथाओ के आधार पर प्रेम-कथात्मक-साहित्य की कुछ विशेपताओ का अनुमान तो लगाया ही जा सकता है।

यहाँ सम्पादित कथाओं के वैशिष्ट्य पर डॉ० श्रीनारायणसिंहजी भाटी ने भूमिका मे विस्तृत रूप से प्रकाश डाला है ; अत. इनके वैशिष्ट्य के बारे मे चर्चा करने की आवश्यकता नही है।

प्रसन्नता का विषय है कि सम्पादकीय लिखते समय कुछ विशेषज्ञातव्य सदर्भ भी प्राप्त हुए हैं वे यहाँ प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

'बगसीराम प्रोहित हीरां की बात' का रचियता 'तेण' कवि है या अन्य कोई, निश्चित रूप से नही कह सकते ! 'कवी तेण इण विध कहो' (पृ० ४६) से तेण का अर्थ 'कर्त्ता' भी माना जा सकता है और तेण का अर्थ 'उसने' भी। यहाँ 'तेण' शब्द यदि नामवाचक है तो इसे इस वार्ता का प्रणेता मान सकते हैं अन्यथा कर्त्ता का प्रश्न शोध का ही विषय है।

प्रस्तुत पुस्तक मे राजा रसालु की बात के दो सस्करण मुद्रित हैं :— १ राजस्थानी-रूप है और २ गुजराती-रूप है। इस वार्ता का एक अग्रेंजी सस्करण भी रेवरेण्ड चार्ल्स स्विन्नरटन (Rev Charles Swynnerton) लिखित 'दी एडवचर्स ऑफ दी पजाब हीरो राजा रसालु' के नाम से डब्ल्यू. न्यूमेन एण्ड कम्पनी लिमिटेड, ४, डलहोजी स्क्वायर, कलकत्ता के प्रकाशक द्वारा सन् १८८४ मे प्रकाशित हुआ है। चार्ल्स स्विन्नरटन उस समय रॉयल एशियाटिक सोसायटी, फोकलोर सोसायटी तथा एशियाटिक सोसायटी, बगाल के सदस्य थे। स्विन्नरटन ने यह गीतात्मक कथा 'सरफ' नामक लोकगायक से सुनी थी। इस गायक का चित्र भी इसमे प्रकाशित है।

आग्लभाषा के सस्करण और इस सस्करण की कथाओ मे कही वार्ता का तारतम्य एक-सा नजर आता है तो कही बहुत ज्यादा अतर दृष्टिगोचर होता है। अत. तुलनात्मक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए अग्रेजी सस्करण के १२ अध्यायो का क्रमश सक्षिप्त रूप (अनुक्रम) यहाँ उद्धृत कर रहे हैं जिससे कि शोधविद्वान् इसका समालोचनात्मक अध्ययन कर सकें।

१ रसालु का प्रारम्भिक जीवन :

[राजा सलवान और उसकी दो रानियाँ, रसालु के बडे भाई पूरण भगत का चरित्र और उसकी भविष्यवाणी, रसालु का जन्म और बाल्य-काल, प्रतिबन्ध से मुक्ति, उसका नटखटपन और देशनिष्कासन, लूणा माता का विलाप]

२. रसालु की प्रथम विजय

[गुजरात की यात्रा, झेलम की राजकुमारी के विरुद्ध अभियान, तिला के साधु का चमत्कार, साधु की भविष्यवाणी]

३. रसालु का पुनरागमन :

[मक्का की यात्रा, हजरत द्वारा स्वागत, मुसलमान-धर्म मे परिवर्तन, सियालकोट से समाचारो का आना, दीवारो का गिरना और मनुष्यो का वलिदान, जबीरो द्वारा हजरत को अपील, सियालकोट पर आक्रमण, नगर पर अधिकार, सलवान की मृत्यु और रसालु का राज्यारोहण]

४. राजा रसालु और मीर शिकारी .

[रसालु की दक्षिण यात्रा, जगल मे मीर शिकारी से भेंट, मीर शिकारी का रसालु का शिष्य बन जाना, रसालु की शर्त्तें, मीर शिकारी और उसकी रानी, उसके द्वारा प्रतिज्ञाभग, मृग और मृगी की कथा, मीर शिकारी की मृत्यु, मीर शिकारी की पत्नी का रसालु से दुर्व्यवहार, मीर शिकारी की मृत्यु का दोषारोपण, रसालु की मुक्ति, मीर शिकारी का अन्तिम सस्कार और स्मारक

५. राजा रसालु और हस .

[रसालु का एक नगर मे प्रवेश, रसालु द्वारा तीस मील ऊँचा बाण चलाना, दो कौवो की कथा, उनका आकाश मे उड कर वापस आना, हस के घोसले मे शरण लेना, नर-काक द्वारा धोखा दिया जाना, राजा भोज का न्याय, रसालु और गीदड की कथा, रसालु और भोज, गीदड़ की मित्रता, हसो और कौवो को वापस बुलाना, रसालु की बुद्धिमानी]

६ राजा रसालु और राजा भोज .

[रसालु की यात्रा विलम्बित, उसका प्रस्थान, भोज का साथ चलना, उनका वार्त्तालाप, रानी शोभा के बाग मे पराक्रम दिखलाना, उनका आम्र-वृक्ष के नीचे ठहरना, राजा होम का आगमन, उसकी कविता, रसालु की बुद्धिमानी, रसालु और भोज दोनो मित्रो का बिछुडना]

७ राजा रसालु और गण्डगढ के राक्षस .

[रसालु का स्वप्न, उसका पराक्रम के लिए प्रस्थान, ऊजड़ नगर और वृद्धा, वृद्धा की विपत्ति, राक्षस का भोग, रसालु और वृद्धा का पुत्र, रसालु और थीरा, थीरा और भीवूं का पलायन, दूसरे राक्षसो से मुठभेड, राक्षसी से टक्कर, राक्षसराज वैकलबाथ, भीवू और थीरा का दुर्भाग्य, थीरा का विलाप, गण्डगढ पर्वत मे कैद, गण्डगढ की चीत्कार, रसालु के तीर]

८ रसालु का तिलार, नाग और काग, डोढ काग (जगली कौवा) के साथ पराक्रम .

[रसालु का झाऊमूसे को डूबने से वचाना और अपने साथ ले चलना, उसका एक सूने महल में आगमन, चार घड़िया, झाऊमूसे का कुण्ड मे पड जाना, राजा का जीवन खतरे मे, झाऊमूसे का काग और नाग से युद्ध, उसकी दुहरी विजय, राजा रसालु का जागरण, आभार-प्रदर्शन, झाऊमूसे का परामर्श, मित्रो का विछुड़ना]

९. राजा रसालु और राजा सिरीकप :

[रसालु और सिरीसूक, सिरीसूक का बोलना, उसका निषेध और परामर्श, रसालु की यात्रा चालू, जुलाहा और उसकी विल्ली, दो ग्रामीण युवक, वृद्ध सैनिक और बकरा, रसालु का श्रीकोट पर आगमन, सिरीकप के जादू का तूफान, रसालु और किले का घण्टा, रसालु और राजकुमारी झुघाल, राजाओ का मिलन, उनका कूट प्रश्नोत्तर, उनका खेल, रसालु की हार, रसालु की विल्ली और सिरीकप के चूहे, सिरीकप की अन्तिम पराजय, उसका भाग जाना और फिर पकडा जाना, राजकुमारी कोकिलान का जन्म, जादूगर सिरीकप का अन्त, रसालु की कोकिलान के साथ विदाई]

१०. रानी कोकिलान का धोखा :

[रसालु का खेड़ीमूर्त्ति मे वस जाना, कोकिलान का बाल्यकाल, धाय की मृत्यु, रसालू की शिकार, रानी कोकिलान का शिकार मे साथ जाना, उनके पराक्रम, हीरा हरिण कृष्ण मृग का अपमान और उसके द्वारा वदला, गजा और कांना, राजा होदी का खेडीमूर्त्ति मे आना, उसका कोकिलान से प्रेम, तोता और मैना, होदी का डर कर महल छोड़ना, व्याकुल रानी, होदी का धोबी और धोबिन से मिलना, उसका अटक पहुंच जाना]

११. रानी कोकिलान का भाग्य :

[तोते द्वारा तलाश जारी रखना, उसका हजारा मे अपने स्वामी से मिलना और रानी का भेद बताना, रसालु और उसका घोडा, उसका घर पहुचना, शादी को राजा होदी के पास भेजना, षडयन्त्र, होदी का खेड़ीमूर्त्ति आना, द्वन्द्वयुद्ध, होदी की मृत्यु, रसालु और कोकिलान, अपराध के प्रमाण, धीरे-धीरे दुर्घटना का रहस्योद्घाटन, रानी कोकिलान का अन्त]

१२ रसालु की मृत्यु :

[रसालु द्वारा मृत शरीरो को प्राप्त करना, उनको नदी पर ले जाना, धोवी और धोविन से मिलना, धोबी की कहानी, राजा का उसका मित्र वन जाना, उसके दुःख और शक्ति का ह्रास, अटक की बुद्धिमती स्त्रियां, राजा होदी के भाई, खेडीमूर्त्ति पर आक्रगण, धोबी का सदेश और भविष्यवाणी, खेडीमूर्त्ति का घेरा, रसालु का शाप, युद्ध, रसालु की मृत्यु, सन्देश]

'मयाराम दर्जी की वात' की एक अन्य विशिष्ट प्रति इस सस्थान मे प्राप्त हुई है। उसका मन्थन करने पर ऐसा प्रतीत हुआ है कि जो वार्ता इस सस्करण मे मुद्रित हुई है वह अपूर्ण है। अत. इस वार्ता का शेषाश और मुद्रित सस्करण की अपेक्षा इस प्रति मे जो अधिक दोहे प्राप्त हैं, वे यहाँ पाठको की जानकारी के लिये दिये जा रहे है ·

जाणण समजण वध जुगत, सषरापण सागेह।
आठू ही दासी अवै, एक जसीयल आगेह ॥१६॥ १६ के बाद[1]

ग्रहणा झव-झवे गजव, पाग फवै सिर पेछ।
उगतडी सूरज अवै, देप दवै दस देस ॥३१॥ ३१ के वाद

तेल पटा कसीयल तरह, रसीयल लाग रहत।
वसीयल हीय अमीयल वनी, जमीयल वाट जोअत ॥३४॥ ३३ के वाद

यण तरै का वीदराजा मयराँम चवरीनू आवै है,
पेमरा पयाला नेत्रा सू पावे है,
विलकुल तो अलवेलो गूमरामै वै है।
करतीया रा झूत्रकामै चदो जिम कहै है,
जोय जोय हेली मदरूप च(छ)क जावै है।
घूम घूम रग मै सहेली इम गावै है ॥५०॥

गावै उभू गायणी, नरपै उभी नार।
मद-चकीया म्याराम रो, इद्र जिसो उणीयार ॥५१॥ ४८ के वाद

मांणै सूप यम म्यारजी, दूलहो जमीयल देह।
दनकर तीन ससरम्न दप, धण वती पीउ मेह ॥६४॥ ५६ के वाद

---

१. यहाँ पर सभी जगह मुद्रित संस्करण की पद्यसंख्या के वाद यह समझनी चाहिए।

वावल काठल वीजळी, वुग पकज उर चाढ ।
वादल काला वरसता, आयो घुर आसाढ ।।६६।। ६० के बाद

झड लागो धौरां झरण, मोरां लोर मिलाव ।
वैरल सरपाटा वहै, भालण ज्यु भाड्याव ।।६८।। ६१ के बाद

उर-वसीया मैं ऐकली, वसीया कदे न वाग ।
इण पुल जसीयाइ षनै, रसीया साभल राग ।।७३।। ६५ के बाद

म्यारो आषै मालकी, रहै नही ऐक रीत ।
काछो(चो) रग कसूभरो, पछो(चो)लणरी प्रीत ।।७८।। ६९ के बाद

चत्रमासो वलवल सषर, अथ जल थल-थल आज ।
जिण पुल जसीयल तीजनै, मांणो अलवल(र) माज ।।११७।। १०६ के बाद

मनछल छलरूपी मकर, वल-वल उठो वैल ।
अलवल(र) रहणो आदरो, छोडो हल-वल छैल ।।११८।।

वीज-छटा घुर वादला, आव घटा छ(च)हुँ ओर ।
वाव मटा दीठा वणै, मीठा महकत मोर ।।१२३।। १११ के बाद

लोरा जल लायो लहर, पायो थल चहु पास ।
मोरा मल गायो महक, चायो इल चत्रमास ।।१२५।। ११२ के बाद

उमड घटा उद्रीयांमणी, वीज छटा छव वाह ।
विस जसडी लागै बुरो, निस पावस विण नाह ।।१२७।। ११३ के बाद

वरछा झूवै वेलीया, लूंबै काठल लोर ।
कर-कर सोर कलाव कर, माणै रत घर मोर ।।१३०।। ११५ के बाद

कांठल आभै काजली, वल-वल पवसी बीज ।
म्यारा अलवल माजली, तिण पुल रमसा तीज ।।१३२।। ११६ के बाद

मगज अमर मूछां मयद, भमर डमर भणणंत ।
अरज गूमर मानो अना, नवल वना नषतंत ।।१३५।। ११८ के बाद

मालू आषै म्यारनै, जालू छाला झल ।
की हालू-हालू करो, पालूं ज्यू पल-पल ।।१५०।। १३२ के बाद

कहीया था आगु कवल, रहण अठै राज़ान ।
कर हठ क्यू बाधो कमर, नवल वना नादान ।।१५२।। " "

क्यू हठ जाली कवरजी, वाली धण वीसार ।

जसां-वायक —

क्यू काळी अतरी करै, माली थूं मनूहार ।।१५३।। " "

म्याराम-वायक —

अण जसीयल मानै अबै, कहीया बौल कुबोल ।
यण बोलारै उपरै, जासा अलवर षोल ।।१५४।। „ „

मालू आषै म्यारनै, हठ कर तजो हलाण ।
कलहलीया केकाण ज्यू, करो पलाण-पलाण ।।१५७।। १३५ (गीत पद्य-६) के बाद

म्यारा मारा मुलकमै, चोषी पाचू चीज ।
हीडै रागा वाग हद, तीजणीया नै तीज ।।१६२।। १३९ के स्थान पर

वात का शेषाश इस प्रकार है—

वारता— ।। म्यारामजी-वायक ।।

अबै म्यारांमजी बोलीया, दिल का पडदा षोलीया । वचना अमरत-वाणसी, सारा देसा सिरे सिवाणची । लूणका लहरा लेवै, उमग की छौला ए वै । सारी नदीया सू सिरै, कताबामै कव तारीफ करै । जिका जमना गगारै जोडै, तुठी थकी पाप-दालद तोडै । यण भातको माको देस, जठै केलासके भोलैभुलै महेस । जिकण सवाणछीका इसा भाषर छै नै इसाइ ठाकुर छै ।

।। कवत ।। अकल दुरग अण षलो वडा परबत चहुं वल,
माही नदी लूणका नीर-धारा अत उजल ।
अन भाजा नीपजै रहै सब दन आवासा,
माता बकर षाय चढण ताता बरहासा ।।
पदमणी त्रीया उत्तम पुरष, पड अवगुण न हवै पछी,
मुरधरा तणा जोता मुलक, सिरै देस सिवीयाणछी ।। १७३

वात—मुलक देसाको सरो मारवाड, मारवाडका मुगटामण सिवाणची का पाड । सिवाणचीको चोगो भाडीयावास, जठै माको रैवास । जकण देसमे हमै जावसा, अलवल फेर कदेक आवसा । जसा सहथी सात ही सहेलीयानै ले जावसा ।

मालू-वायक—

जद मालुडी इउ कहै छै—राज ! इठै क्यू न रहै छै ? सीत रत आवसी, वरषा रत जावसी । आभो उजल रग धरसी, गुडलापण दुर करसी । मोर कलासून करसी, कमोदण विकससी, वादल नकससी । आ रत जद आवैला, जसीअल मर जावैला । सूणो नी भमर छैला, घण छोड क्यू चालसो गैला ।

।। दूहो ।। देषण मुरधर देसनू, है जावणरी हाम ।
कर जोडे अरजी करा, मानौ नी म्यारा‌म ।।१७४।।

वादल गल जल वीषरै, एल सीतल अधकार ।
केकाणा हलवल करै, इण पुल क्यू असवार ।।१७५।।

रिल चित मलीया राजसु, विलकुलीया एक वार ।
चलीया जसीयल चो(छौ)डनै, अलवलीया असवार ।।१७६।।

वात—मालू कहै—मांकी अरज क्यू न मानौ छो ?
इल सीतल अवदात वायव-जव-सम वलावल ,
डार माण डरपती नार भीडै पीउ कावल ।
भुअग भूम माय भलत भमर दाहत वेजोगण ;
रूठ सगत न्ह रहत तोमडछम तमोगण ।
दाजसी वना सोतल दहण, रहण अठै चत रीभीयै ।
रत पलग छाक मांणो रमण, इण रत गमण न कीजोयै ।।१७७।।

वारता—जद म्यारांम कह्यौ—माको तो मन उठै लाग रह्यौ । अबारु तौ जावाला, फेर थू कहै तौ आवाला । बेलीयानू कह्यौ कमरा बाधौ, सारा साज पुरणा पर साधौ । घोडा पर साकता मडाणी छै, जद जसा चढणकी जाणी छै । मालुनूं कह्यो—कवरजी राषीया नही रहै, अब थु कासूं कहै । जद मालू कह्यौ—आपाकै म्यारामजी वना नही सजसी, आपा घणी करसा तौ आंपानू तजसी । जद जसा भी सारी त्यारी कीधी, लषा ग्रहणा-पौसाषा साथे लीधी । जानी सिरदार दोढी आया, कलावत गाया । जद म्याराम जसानू कह्यौ—मै डेरा जावसा, सारा साज तारी करावसा । वीद-राजा घणा दना सू बारै आया, जानी घणा आणद चाया । मुजरा-सलाम कोधी, हाजरी लीधी; जण दनगे दुलहो ऐसो नजर आयौ, नकी लीघी । अलवर की सहेलीया देषणनु आइ छै, आपकै तौ मारवाड की छढाइ छै । वछायता कीजै, की छका दीजै । आप ही पीजै, जसीयाको सुहाग अर कीजै । वछायता कराइ, दारूकी तुगा भराइ, जसाकै दोली कनात षडी कराइ । वीदराजा वराजीया, चद-सूरज-सा छाजीया । दारूका प्याला भराया, घोडा कायजै कराया । पणीयारीयाका टौला आवै छै, रूप देष मस्त होय जावै छै ।

दुहा ।। कचन-षभ कलाइया, मणघर जेही ड[ड] ।
गज-गत चगी गोरडी, लाबा वैणी - डड ।।१७९।।

चद्रायणौ— मसतक कुभ उपाड गहके मोर ज्युं,
भरीया भूषण अग लहके होर ज्यु ।
पाणी कुंभ उपाड धरै पणीयारीया,
परहा कहा जी, गज-गत चगी चाल सुचगी नारीया ॥१८०॥

अलवेली यण रीत चलती ओयणा,
घमकै नेवर घाट विलोकै लोयणा ।
रस-भरीया ज्यान नरषण राजनु,
लयौ महीलौ नेह हटकौ लाजनुं ॥१८१॥

॥ दुहौ ॥ लोयण मोहण लागणा, सोयण दोठ समैह ।
जोयण कण विध जाननु, भोयण भमर भमैह ॥१८२॥

वात—इसी पणीयारीया जल भरवानै आवै छैइ, मुजरा की सडासड लगाइ। जसीयलनै पेषै छै, म्यारामनु वेषै छै। मुधर हसै छै, आमै रूप बसै छै।

दुहा ॥ दूपटा भूज पेछा दयण, परछल अतरपट ।
अग-अग उजलतौ उमग, छक मद अनग चट ॥१८३॥

॥ छद्रायणा ॥ इण सरवर री पाल हीडौलौ बाधसा,
दोवड रेसम डोर जरीतर साधसा ।
कसीया भमर सूजाण हलो किण काजनै,
रीसीया मारूराण रमाडो राजनै ॥१८४॥

लूहर लूबा लार गुलाक दध मागसा,
जसीहल कठ लगाय अबौलौ भागसा ।
जो मारूराव सजोगी छक घणा,
लासा जटाधर भेष पटाभर मेवणा ॥१८५॥

वात—इण तक अठे सारारौ समाध्यान कीधौ। म्यारामजी कह्यौ–हमै ताकीद करौ, सारा सभ उठा माथै धरौ। ढोलीया-ढाढीयानै सीष दीधी, उणारी जसवाद लीधी। सारा सिरदार असवार हुआ। लारली सषीयारा कहा दूहा—

विरह विमासी वालमा, भामण गावै भीज ।
इण रतमै सी आवसी, कवण रमासी तीज ॥१८६॥
म्यारै सारी महलसुं, जब मिल कोहा जुहार ।
वीचडताइ सजना, पलक्या असूधार ॥१८७॥

पी म्याराजी पोंचसो, दुलहा मुरध [र] देस ।
लाडा था विण लागसी, निज घर दुसमण नेस ॥१८८॥

सायब आज सधावसी, रल-मल गावे रज ।
सायब उर तीय जीयसमी, हो मारू हीय हंज ॥१८६॥

जसा सषीयां परसीया, कमलमकरद वरसीया । जसा मन उदास हुओ, मालकी कौ कह्यौ दूहौ—

पित-माता परवार पष, नज भ्राता तजनेस ।
म्यारा व्याह विनोदसुं, तजीयौ अलवर देस ॥१८६॥

ओ दुहौ सुणीयौ, पाचौ म्यारांमरै षवास दूहौ भणीयौ ।—

सपनै ही इण देसडै, आय न जीवयता ।
म्याली माडै मोहसू, आया कोस किता ॥१६०॥

जान सारी षडीया, जसां रथ चडीया । मिजला-मिजला भाडयावास आया, घणंकौ छाकां मद छायौ । ग्रहणाकौ भललाट, तेजकौ जललाट । आसाढरी भाण, रसराग जाण । मगजा मदध, वोप तेजबध । ओपह दुबाह, बाषाण वाह । काम की मूरत, रूपकी सूरत । रगरी रली, रसरी डली । आणदरी गली । माहरो चद्रमा सजोगणी कै लेषै, आसाढरी भाण बनो जोगणी कंब पेषं, तुररैरा तार तुटता, किलगी सोभ उठता । आषामै ललाया चुटती, रसरी धारीया वुठती । डेरानू ओवै छै, भगतण-पातर गावै छै । अलवरकी सहेलीया देषै छै । इण तक म्याराम तवु दाषल हुओ । जद जसा जोतसीनू कह्यौ—जान छ(च)ढणरौ तीषौ मोरथ दीजै, मनमानी नवाजस लीजै । जद जोसी कह्यौ—जतौ वागमै प्रस्थानौ कीजो, परभातको दन नीको छै, सारो सूभ महुरताको टीको छै । परभातरी दुजी मजल करावी । आज तौ डेरा वागमै दरावसी । सिरदार वागनु वलीया, जसाका मनोरथ फली [या] । वाग आणद उतरीया, जठै ठोड-ठोड कूड भरीया । घोडा वडलारी साष-तलै वाधीया । सिरदार उतर वागमै आया, जाजम गदरा वछवाया । भगतण-पातर गावै छै, चछ(च) लगा मचावै छै। अलवेलीया छैलाना नरषै है, वयण परस नेत्रा रस वरसै है । तवु षडा कीया, मोतीयारा गुछा रेसमरी लड़ा दीया । वागमै मेलायत षडो हुई, इन्द्र की पुरी हुई । चा(छा)-जा कबाणीया छूटा है, सरदरी पुनमरा चद उग-उग उठा है । झालरी फहरै हैं, चादणी चहरै है । कलस झगमगै है, अजब जेब जगै है । जण महलामै वराज भमर आलीजा रो भूप, गधरौ गैद, माणीगराको रूप । चायलाकौ तुररौ, चबीनीको हार; आष्यारो अजन, आतमारौ आधार । छोगालौ छबीलौ प्राण-

प्यारी, नैणाकीं नरपणो ना है छिन न्यारी, मतवालीको माणग, रसजीणैको जाणग। जिण वागकी छीज जेती, दीठाइ'ज वण आवै कहा केती। वसत रत फल-फूल रही छै, आणदमइ छै। चद्रसरोवर छै, तीर माथै घणा तरोवर छै। केतकी, चवेली, गुलाब, चपाकी फुलवाद। आबाकी मजर, भमराकी गुजर। आबाकै उपरै कोयला टहुका करै छै, सुवा नीलकठ मैमथ हुआ फरै छै, रस झरै छै। मोर मैमत हुआ निरत करै है, एक-एकसु सिरै है। फुलवादीरी क्यारीयामे धावे है, टहुका करै है, गुदीमे गुचा धरे है।

॥ दूहा ॥ महकै मीठा मोर, कहकै मीठी कोयला।
आठ पहर छहु ओर, लपटाणी तरसु' लता ॥१६१॥

वात – जण वागमै आय उतरीया। रूख सारा रसमजरासु भरीया। जसा महेला दाषल वीही, रात घणी आणदसूं गई। दीपक जगायौ, सनेह-रस पायौ। साडी जरकसी पर म्यारांमजी दुपटौ ओढायौ। भमर कली लपटायौ। हीडोल षाट झूलै छै, च्यारू पय डुलै छै। म्याराम तन जागीया। जसा मन जागी। मदन-माहराजरी नौबत जोर बागी; कमल कलीया वषसी, भमर गुजार थागी। हमै सुरजरौ भास हुऔ, कमलारौ वेकास हुऔ। तम-दालदरौ नास हुऔ, जोतरौ प्रकास हुऔ। म्यारामजी अपोढी हुआ, दोढी-दस त्यार हुआ। मालूडी दारूरी मनुआर कीधी, दोय छक लीधी। मारवाड छा (चा)लणकी ताकीद कोधी। उठासु कसीया चद सरोवर आया। गौडा जाषोडा, पाया, कमरा सु कसीया छै, रभाका रसीया छै। बेलीयानू दारू पावै छै, केई जलमैं नावै छै, गायणी गावै छै। जद किसतुरी अरज कीधी। जसीयाकै मडसु वधाया।

दूहा ॥ म्यारौ अलवल देसती, आयौ जसीयल व्याह।
गावत बादी गीतडा, लीना कवर बधाय ॥१६२॥

वात – अण तक जान आइ। जानी सीष पाइ आपो-आपकै घरा गया। घररा घोडा, आदमी रह्या। हमें इण तक सुष माणै छै, इद्र भी वषाणै छै। नित सकारा जावै छै। असवारी आवै छै। सतषणा महल आकास छाया छै, आभा वादल झूक आया छै। अण देसरौ चढती वेसरौ पडदा छूटा छै, कलावातु का बुटा छै। उग-उग उठा छै। चत्रगारी वणी, सोनै मैं वैडुरज-मणी, कडा, कठचा, वीटचा, पुणछ्या सु भरचौ, उनालाको आवौ मजरीसु इ भरचौ। मोतीयाको गजरौ, फूला कौ भारौ, गाहडको गाडौ रायजादो प्यारौ। दरीयाइको रेजौ आछो रग लागौ। सोनैरै कडा मे हीडोल-पाट हीडै छै। इद्र देप-देप भुलै छै। छ(च)दणका कपाटका जडीया छै हाटका,

गवाष छूटा है वाटका । इण तकरा महलायत वराजै । चवै म्याराम आसमांनरै चा(छा) जै । कोक-कलाको प्रवीण वीदराजा सुजाण, रंग-भमर नादान, चढती जवांन । जसीया कटाच करै है, म्यारांम रो मन हरै । अणारो सुष बषाणै, रात-दन मनछौजी लौ जाँणै । म्यारामसा भोगी भमर, जमी आसमाँन लग अमर ।

इती वात सपुरण । म्यारांमरी आसीया बुधजीरी कही स० १६१३ रा मती भद्रवा व्द ७ ।

मुद्रित सस्करण मे पृ० १६७ 'रेंवत समजै रानमैं' दोहा २७, पृ० १७७ 'जेले तुरगा रेशमी' गीत और पृ० १८५, 'वन सघन लसत मनु घन वसाल' छद पद्धरी १४०, जो प्रकाशित हुए हैं वे इस नई प्रति मे प्राप्त नही हैं ।

उक्त वार्ताओ के अतिरिक्त इसमे तीन परिशिष्ट दिये गये हैं जिनका सक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

परिशिष्ट १ (क) मे राजा रिसालू की बात का जो सक्षिप्त रूप प्राप्त हुआ है, उसे अविकल रूप से यहाँ दिया है और (ख) मे इसी 'बात' के केवल जो स्वतन्त्र रूप से दोहे प्राप्त होते हैं वे ही दिये हैं । इन दोहो मे राजस्थानी, गुजराती, और पंजाबी भाषा के शब्दो का मिश्रण है जिनका कि भाषा-विज्ञान की दृष्टि से महत्व है ।

परिशिष्ट २ क ख ग. और घ मे विभक्त है । प्रत्येक वार्ता मे प्रयुक्त दोहा, कवित्त, कुण्डलियां, चौपाई आदि छन्दो के वर्गीकरण के साथ अकाराद्यनुक्रम अलग-अलग दिया गया है ।

परिशिष्ट ३ मे पाचो वातो मे पद्य एव पद्याश के रूप मे उपलब्ध कहावतें, मुहावरे और सूक्तियो का सकलन कर अकारानुक्रम से दिया गया है जो कि शोधविद्वानो के लिए उपादेय होगा ।

प्रति-परिचय—

प्रेमकथाओ की प्रतिलिपियाँ अनेक हस्तलिखित सग्रहो में और सस्थाओ मे बिखरी पडी हैं, यहाँ तक कि कई प्रसिद्ध कथाओ की बीसियो प्रतिलिपियाँ तक प्राप्त हो सकती हैं । यहाँ प्रकाशित वातो को यथासाध्य प्रामाणिक रूप देने के लिए मैंने कुछ महत्त्वपूर्ण प्रतियो का प्रयोग किया है जिनका विवरण इस प्रकार है —

१. बगसीराम प्रोहित हीराँ की वात : इसका केवल एकमात्र गुटका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर मे है । ग्रन्थ-सख्या ५८६७ है । साइज-

सेन्टी मीटर मे १६.१×२७; पत्र स० ६५, पंक्ति १६, अक्षर १६ है। लेखन काल २०वी शती है। इसमे लेखन प्रशस्ति नही है।

२ राजा रिसालू री वात : इस वात के सम्पादन में मैंने ७ प्रतियो का प्रयोग किया है। ५ प्रतियो का मूल वार्ता मे और २ प्रतियो का परिशिष्ट १. क और ख. मे । पाँचो प्रतियाँ क ख ग घ. ड सज्ञा से अङ्कित की गई है। क सज्ञक का पाठ आदर्श मान कर ऊपर दिया गया है और ख ग घ ड का पाठान्तर मे प्रयोग किया है।

क सज्ञक—राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर, ग्र स. ३५५३; साइज १८×१२ ३ से मी ; पत्र स —१२७–१५६; पक्ति १६; अक्षर ३६ है। गुटका है। लेखन प्रशस्ति इस प्रकार है .—

